तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 29 जनवरी 2025



## खबर संक्षेप

### अपहरण कर नाबालिग से किया अनाचार

**भिलाई।** अपहरण कर नाबालिग जान से मारने की धमकी देकर अनाचार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363, 376 (2), 506, पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### धारदार हथियार के साथ बदमाश पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने दलजीत सिंह उर्फ बादल, हरप्रीत सिंह और दो अपचारी बालको को पकड़ा गया है। टीवीएस शो रुम के पास लोगों में दहशत फैलाने का काम कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 296,351(2),,333,3(5)भा0न0स0, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। लोगों को धारदार हथियार लेकर डराया धमकाया करते थे।

### मकान से चोरी

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि खारुन ग्रीन कॉलोनी निवासी सन मिश्रा की 26 जनवरी की सुबह मकान में ताला जड़कर बिलासपुर गया था। जब वापस घर लौटा तो मेन गेट का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर से सोना चांदी के जेवरात गायब था।

### कांग्रेस और भाजपा के दिग्गजों ने कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन

# नामांकन के बहाने शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों ने भरा वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन**

नामांकन के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस की बड़े नेताओं की उपस्थिति ने प्रत्याशी सहित कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। नामांकन के बहाने भाजपा और कांग्रेस ने कलेक्टोरेट में अपने समर्थको के साथ नामांकन दाखिल कर दिया हैं। वही साठ वार्ड के लिए पार्षदों ने भी दूसरा सेट जमा कर दिया हैं।



### भाजपा प्रत्याशी के साथ गृहमंत्री विजय हुए शामिल

नगर निगम चुनाव में भाजपा की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार के नामांकन में गृहमंत्री विजय शर्मा, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अलावा भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, दुर्ग नगर निगम के चुनाव में भाजपा की महापौर प्रत्याशी और पूरे 60 वार्डों के पार्षद प्रत्याशी प्रचंड मतों से जीत दर्ज करेंगे। दुर्ग शहर में बहुत सारे विकास कार्य लंबित है। इन कार्यों को राज्य सरकार और महापौर द्वारा पूरा किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि, राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार ने कोई कार्य नहीं किया है। कांग्रेस द्वारा जनता से केवल वादाखिलाफी की गई थी। घोषणा पत्र के वादों को भी कांग्रेस द्वारा पूरा नहीं किया गया है। महिलाओं को प्रतिमाह 500 देने का वादा किया गया था, लेकिन पिछले 5 वर्षों में महिलाओं को 1 रुपए नहीं मिला। लेकिन राज्य की विष्णुदेव साय सरकार 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना अंतर्गत 1000 रुपए प्रतिमाह दे रही है। भाजपा ने जो भी वादा किया है, उसे प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है।

### टिकट बांटने का आधार जाति नहीं होताः विजय शर्मा

विजय शर्मा ने कहा निगम चुनाव में टिकट वितरण से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि, टिकट वितरण में नाराजगी का कोई प्रश्न ही नहीं है। भाजपा में प्रत्याशियों के चयन के बाद सभी एकजुट है। श्री शर्मा ने कहा कि, टिकट वितरण का आधार जाति नहीं होता है। अलका बाघमार योग्य प्रत्याशी है। उन्होंने संगठन में पूरी क्षमता के साथ गजब का कार्य किया है। महापौर बनने के बाद वे पूरे ताकत के साथ कार्य करेंगी। भाजपा 10 में से 10 महापौर सीट पर चुनाव जीतेगी। जनता ने राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल को देखा है। राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धि भरे कार्य भाजपा की जीत का आधार बनेगी।

### प्रदेश में बदलाव की लहर-अरुण वोरा



कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी प्रेमलता साहू के नामांकन रैली में स्थानीय कांग्रेस नेता शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा दुर्ग नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के महापौर और पार्षद प्रत्याशी जीतेंगे। उन्होने कहा कि प्रदेश में बदलाव की लहर है। भाजपा ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में कुछ भी नहीं किया है। भाजपा की कथनी व करनी को जनता समझ चुकी है। जिससे जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। श्री वोरा ने कहा कि, सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट है और पूरी ताकत से नगर निगम चुनाव लड़ रहे है। जिससे कांग्रेस को जीत मिलेगी। नामांकन दाखिल करने के बाद कलेक्टोरेट में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पहुंचे। वे परिसर में रूके रहे, वही कुछ लोगों से चर्चा करने के बाद लौट गए। इस दौरान पूर्व मेयर आरएन वर्मा, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल, जिलाध्यक्ष गया पटेल सहित अन्य थे।

### कांग्रेस रैली लेकर पहुंची, भाजपा में सभा का आयोजन



दुर्ग महापौर पद की अधिकृत भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार एवं 60 वार्डों के भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों की संयुक्त नामांकन रैली दुर्ग के पुराना बस स्टैंड में हुई। आम सभा के पश्चात निकली रैली ने शहर के प्रमुख वार्डों से गुजरी। भाजपा की नामांकन रैली में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय, दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, विधायक गजेंद्र यादव जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, दुर्ग महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे । डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार में विकास की अविरल गंगा बह रही है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय ने कहा कि कांग्रेस के 5 वर्षों के महापौर कार्यकाल में दुर्ग की जनता ने नर्क की पीड़ा को झेला है, भ्रष्टाचार का आलम रहा कि आम जनता त्राहि त्राहि करने लगी थी। 5 वर्षों के कांग्रेस के निगम कार्यकाल में ऐसा एक भी कार्य नहीं जिसे वह उपलब्धि के रूप में गिना सके। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन की सरकार चल रही है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ कागजों पर ही वह विकास कार्य बताती थी, जबकि भाजपा सरकार ने लगातार विकास के नए आयाम बनाए हैं। एक साल में ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लगभग 83 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात दुर्ग को दी है। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा भाजपा ने एक छोटे से कार्यकर्ता को अवसर प्रदान किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक वार्ड के प्रत्याशी को एक ऐतिहासिक जीत दिलाए।



### प्लांट में घुसा तेंदुआ, मचा हडकंप

**भिलाई ।** बीती रात भिलाई इस्पात संयंत्र में उस समय हड़कंप और दहशत फैल गई जब एक तेंदुआ प्लांट के अंदर घुस आया। मैत्रीबाग की टीम आज दिनभर तेंदुआ को तलाश करती रही, लेकिन दिखाई दिया। इस दौरान प्रबंधन ने एहतियातन प्रयास के साथ कर्मियों को अलर्ट कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात करीब एक बजे कहीं से एक तेंदुआ प्लांट के अंदर वायर एंड राड मिल के रेलवे लाइन को पार करता दिखा। बताते हैं कि पटरी पार कर रहे तेंदुआ पर शंटिंग स्टाफ भुवन सिंह की नजर पड़ी और उसने इसका वीडियो भी बनाया। कर्मियों ने सुबह अधिकारियों को इसकी खबर दी। वायरल वीडियो में एक तेंदुआ बीआरएम लाइन को क्रास करता दिखाई दे रहा है। वह री रोलिंग मिल पोस्ट वे ब्रिज के पीछे नंबर 59 के ट्रैक पर घूम रहा है। कर्मियों की सूचना पर अधिकारियों ने मैत्रीबाग की टीम को तेंदुए की तलाशी में लगाया। मैत्रीबाग के पांच लोगों की टीम प्लांट के अंदर दिनभर तलाश करती रही लेकिन तेंदुआ दिखाई नहीं दिया। इस दौरान प्लांट के अंदर कर्मियों में चिंता का माहौल है। प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक टीम को वीडियो की लोकेशन पर तलाशी के दौरान कोई तेंदुआ नहीं दिखा। बुधवार को भी सर्च किया जाएगा।







### कार में बम रखकर किया विस्फोट, लोग दहशत में



**भिलाई।** एक कार में बम रखकर ब्लास्ट करने का मामला सामने आया हे। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पुलिस पहुंची। विस्फोट का पूरा मामला सीसी कैमरे में कैद हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना प्रकाश महोबिया के कार्यालय के पास की है। कोहका से कुरुद जाने वाली मुख्य सड़क पर इंदु आईटी स्कूल के पास है। कार प्रकाश महोबिया के भांजे, संजय बुंदेला की बताई जा रही है। टाइमर बम धमाका सीसी कैमरे में कैद हो गया है। जिसमें स्पष्ट रुप से दिखाई दे रहा है। जहां एक युवक चेहरा ढककर कार के पास पहुंचा। फिर युवक ने कार में बम लगा दिया। उसने बम पर टाइमर सेट किया और उसे उड़ा दिया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि आसपास के क्षेत्र तक आवाज सुनाई दी। घटना के बाद आसपास के लोग घर के बाहर आकर इधर उधर देखने लगे। घटना किसी बड़ी साजिश का हिस्सा तो नहीं है। इसके लिए मौके पर सुपेला पुलिस और स्मृति नगर पुलिस पहुंचकर जांच में लिया है। विस्फोट को लेकर पुलिस कुछ बता नहीं पा रही है। विस्फोट में खबर लिखे जाने तक कोई घायल होने की खबर नहीं मिला है। कार की स्थिति को देख धमाका बेहद शक्तिशाली था।




### गाली गलौज करने वाले तीन धरे गए



**भिलाई।** दुकान में घुसकर जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(2), 115(2), 333, 324(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नया पारा दुर्ग निवासी अरविंद कुमार गुप्ता ने शिकायत किया कि वार्ड 1 नायापारा दुर्ग निवासी सुभाष राजपुत उर्फ बिल्लु अपने साथी वार्ड 5 शीतला नगर दुर्ग अतुल गुप्ता उर्फ सोमू और हरीश पांडे उर्फ मीनू मिलकर उसके घर आए थे। तीनों ने दबंगई दिखा रहे थे। पुलिस ने जब पूछताछ किया तो घटना को अंजाम देना स्वीकार है। आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### नाबालिग का अश्लील वीडियो मोबाइल पर मंगाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** नाबालिग का अश्लील वीडियों मोबाइल पर मंगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा आईटी एक्ट, पाक्सो के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि नाबालिग का अपने मोबाइल पर अनुज कुमार नामक युवक उसे डरा धमका कर मंगाया करता था। परेशान होने के बाद परिजनों को जानकारी मिलने पर शिकायत पुलिस में किया। इस दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



# कांग्रेस ने दो वार्ड में बदले पार्षद के नाम, पूर्व विधायक के वार्ड में खींचतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भले ही सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे साठ वार्ड के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई थी। लेकिन ऐन समय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा दो वार्ड में प्रत्याशी बदल दिए गए। इसमें पूर्व विधायक का वार्ड 45 में प्रत्याशी को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई हैं। यहां आयुष शर्मा के जगह राजेश शर्मा को अधिकृत कर दिया गया, वहीं वार्ड 51 में मेयर प्रत्याशी पति पोषण साहू को रमेश कुमार देशमुख के जगह टिकट दिया गया। बहरहाल वार्ड 45 को लेकर पूर्व विधायक अरूण वोरा और मेयर बाकलीवाल के बीच खिंचतान की स्थिति निर्मित हैं।

खबर है कि, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा भी अपने समर्थको के नाम सुझाए गए है। इसमें वार्ड 45 जो पूर्व विधायक का वार्ड हैं। सोमवार को देर रात कांग्रेस द्वारा जारी किए गए सूची में आयुष शर्मा का नाम था। सूत्रों ने बताया कि, इसकी जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक बेहद नाराज हुए। उन्होने प्रदेश कांग्रेस कमेटी दीपक बैज के समक्ष हस्तक्षेप भी किया। लेकिन वहां से बात नही बनी, लेकिन मंगलवार को नामांकन के आखिरी दिन राजेश शर्मा को बी फार्म भराकर अधिकृत किया गया। जिसे लेकर कांग्रेस नेताओं में मनमुटाव की स्थिति बनी हुई हैं। यही कारण है कि, भाजपा की सूची जारी होने के बाद भी काफी देरी से कांग्रेस ने सूची जारी की थी। जिसका कारण पूर्व मेयर के समर्थको के नाम अटकने को बताया जा रहा था।

## टिकट को लेकर कांग्रेस में रहा तनाव, कुछ नाराज पार्षद भी निर्दलीय में उतरे

### मेयर के लिए दोनो सहेलियों में सीधी टक्कर

नगरनिगम चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि मंगलवार को थी। आखिरी तिथि तक मेयर पद के लिए मैदान में भाजपा से अल्का बाघमार और कांग्रेस से प्रेमलता पोषण साहू मैदान में है। दोनो महिलाओं (पार्षद कार्यकाल में सहेली) के बीच सीधी टक्कर रहेगी। भाजपा ने अपना अधिकृत प्रत्याशी अल्का बाघमार को बनाया है। जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। तो वहीं कांग्रेस ने अपना महापौर प्रत्याशी प्रेमलता साहू को बनाया है। दोनो ही पार्टी सामाजिक गणित के आधार पर पटरी बिठाने में जूट गई हैं।



### इन वार्डो में पार्षद चुनाव पर रहेगी नजर

इस चुनाव में कांग्रेस के ऐसे पार्षद से कद्दावर है और लंबे समय से लगातार जीत हासिल किए हुए हैं। जिसमें वार्ड आठ से अब्दुल गनी खान चार बार, विजेन्द्र भारद्वाज वार्ड नौ से दो बार, राजेश यादव वार्ड छः दो बार, संजय कोहिले वार्ड तेरह से छः बार, निर्मला साहू वार्ड 18 से तीन बार, उषा ठाकुर वार्ड पन्द्रह से तीन बार, पूर्व मेयर और उनकी पत्नि सरस्वती वर्मा दोनो का लगातार पार्षदी कार्यकाल सात बार, शकुल ढीमर तीन बार पार्षद रही हैं। हांलाकि भाजपा से भी शिवेन्द्र परिहार सहित अन्य पार्षद रहे, लेकिन उनका वार्ड महिला हो गया हैं। आरक्षण में ज्यादातर भाजपा पार्षद प्रभावित हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रेक्षक का हुआ दुर्ग आगमन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती रोक्तिमा यादव आईएएस को दुर्ग जिले के नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। निर्वाचक प्रेक्षक श्रीमती रोक्तिमा यादव का दुर्ग में आगमन हो गया है। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचन कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने जिले के समस्त रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्वाचन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निर्वाचन प्रेक्षक श्रीमती रोक्तिमा यादव से नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में सेक्टर-06 भिलाई निवास अपार्टमेंट क्रमांक 31 में सुबह 10 से अपरान्ह 12 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। उनका मोबाईल नंबर 7646946562 है।

### कलेक्टर से मिले पैरा आर्म रेसलिंग खिलाड़ी





**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से कलेक्टर कक्ष में जिले के अखिल भारतीय राष्ट्रीय पैरा आर्म प्रतियोगिता 2025 में शामिल प्रतिभागी खिलाड़ियों ने भेंट की और अपने उपलब्धियों से अवगत कराया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने इन दिव्यांग राष्ट्रीय खिलाड़ियों को श्रीफल व शॉल से सम्मानित किया। साथ ही जिले एवं राज्य का नाम रौशन करने के लिए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। उल्लेखनीय है कि 17, 18 एवं 19 जनवरी को अखिल भारतीय राष्ट्रीय पैरा आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता-2025 का आयोजन ग्वालियर मध्यप्रदेश में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से 4 दिव्यांग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें श्रीमंत झा को 01 गोल्ड मेडल, कुमारी परलीन कौर को 5 गोल्ड मेडल, गोस्वामी विजयानंद को 01 गोल्ड मेडल और हर्ष खोडियार को 1 गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अमित सिंह परिहार और विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## चुनाव : पौने तीन सौ से अधिक प्रत्याशी, दो दिन जांच फिर मान-मनौव्वल

# महापौर का आमने-सामने, पार्षद बनने 282 प्रत्याशियों की फौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले सप्ताहभर तक चले नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई हैं। नामांकन दाखिले के बाद चुनावी मैदान में पौने तीन सौ से अधिक प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। आगामी 29-30 जनवरी को आवेदनों की जांच की जाएगी, वहीं 31 जनवरी को नाम वापसी के के लिए मान-मनौव्वल का दौर शुरू हो जाएगा। क्योकि 31 जनवरी के बाद आम लोगों के बीच प्रत्याशी धुआंधार प्रचार में जूट जाएंगे।

नगरीय निकाय चुनाव के नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन आज दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में तामझाम के साथ भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने पहुंचे आज दिन भर नामांकन दाखिल करने वालों का कलेक्ट्रेट परिसर में रेला लगा रहा। दुर्ग नगर निगम क्षेत्र से महापौर पद के लिए मात्र 2 प्रत्याशी है, इस पद पर भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले की स्थिति है। वहीं पार्षद पद के लिए 60 वार्डों में 282 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। भाजपा व कांग्रेस पार्टी टिकट नहीं मिलने पर कई लोगों ने विभिन्न वार्डों से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप नामांकन फार्म जमा कर बगावत का बिगुल फूंकने का संदेश दिया है। ऐसे लोग आखिर तक मैदान में डटे रहेंगे या नहीं यह नाम वापसी के अंतिम तिथि 31 जनवरी को स्पष्ट होगी।

### अंतिम दिन नामांकन दाखिल करने शक्ति प्रदर्शन



### मेयर के लिए भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर

अब तक भरे गए नामांकन फार्म में कई भाजपा और कांग्रेस से कई निर्दलीय पार्षदों के नाम सामने आ रहे है। ऐसे में चुनावी गणित बिगडने से पहले दोनो ही पार्टियां प्रत्याशियों को मैदान छोडने हर संभव प्रयास करेगें। इधर मंगलवार को नामांकन दाखिले की प्रक्रिया समाप्त हो गई हैं। आखिरी दिन दूसरा सेट भरने भाजपा और कांग्रेस से सैकडों समर्थको की भीड लगी रही। रैली के शक्ल में भाजपा से जहां अल्का बाघमार नामांकन दाखिल करने पहुंची थी, वही कांग्रेस से प्रेमलता साहू भी समर्थको के साथ पहुंची थी।

### अंतिम दिन इतने नामांकन हुए जमा


नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन वार्ड 1 से विनय ताम्रकार निर्दलीय, भारती सोनकर निर्दलीय, वार्ड 2 अविनाश धीवर निर्दलीय, कृष्णा बंसोड़ निर्दलीय, वार्ड 5 संतोषी पटेल निर्दलीय, वार्ड 7 कविता सेन भाजपा, देवानंद कुंभकार बसपा, सूर्य नारायण सोनवानी निर्दलीय, रितुराज सोनी भाजपा, वेदप्रकाश महोबिया भाजपा व दीपेन्द्र देशमुख भाजपा, वार्ड 8 मो फारूख बसपा, विन्सेंट डिसोजा कांग्रेस, अलिम कांग्रेस, मो नियाज खान सपा व नासिर हुसैन कांग्रेस, वार्ड 9 गणेश लाल अहीर, वार्ड 10 दीपेश देवांगन कांग्रेस व बंटी चौरे बसपा, वार्ड11 सतीश देवांगन कांग्रेस, वार्ड 12 कुणाल मेश्राम भाजपा, रविन्द्र महाजन निर्दलीय, रक्षंदा जामुलकर निर्दलीय, चंद्रप्रकाश मेश्राम निर्दलीय, अजीत वैद्य भाजपा, मोहित वाल्दे कांग्रेस, वार्ड 13 सचिन गवई बसपा, अजीत वैद्य भाजपा व राकेश डोंगरे निर्दलीय, वार्ड 14 ललिता ठाकुर भाजपा व उजाला धुर्वे भाजपा, वार्ड 15 पायल नेताम निर्दलीय, वार्ड 16 आकाश मजुमदार कांग्रेस, मोकिम खान कांग्रेस, जगेश यादव भाजपा व संदीप शर्मा निर्दलीय, वार्ड 18 दिलीप साहू भाजपा व केशव सिन्हा कांग्रेस, वार्ड 19 रंजीता पाटिल भाजपा, कविता दास कांग्रेस, सविता बंजारे निर्दलीय व तारा टंडन भाजपा, वार्ड 20 सावित्री दमाहे भाजपा, वार्ड 21 नीरा सिंह कांग्रेस, वार्ड 22 लोकेश चक्रधारी कांग्रेस व थंवर रात्रे निर्दलीय, वार्ड 23 विजय जलकारे भाजपा, विनोद कुमार भाजपा, हरिश साहू निर्दलीय, राजकुमार पाली कांग्रेस व नंदा साहू भाजपा वार्ड 24 जयश्री देशमुख भाजपा, शीतल सरवैया निर्दलीय व सरस्वती सेन शिवसेना, वार्ड 25 श्रद्धा सोनी भाजपा, वार्ड 28 ममता सेन भाजपा, वार्ड 29 श्यामा साव कांग्रेस, वार्ड 32 संजय ताम्रकार कांग्रेस व जगदीश सोनी निर्दलीय, वार्ड 33 अंबा सेन कांग्रेस, वार्ड 35 छन्नू यादव निर्दलीय व घनश्याम हिरवानी निर्दलीय, वार्ड 36 प्रतिमा गुप्ता कांग्रेस व कुलेश्वरी जायसवाल कांग्रेस, वार्ड 37 ध्रुव कुमार सोनी कांग्रेस व लक्की नागेश, वार्ड 38 रामचंद सेन भाजपा व निर्देश वर्मा निर्दलीय, वार्ड 39 हुमन देशमुख निर्दलीय व शेख नबी सपा, वार्ड 40 पूजा देवांगन निर्दलीय, पदमा देवांगन निर्दलीय व पार्वती साहू भाजपा, वार्ड 43 विवेक सिन्हा भाजपा व दशरथ लाल बसपा, वार्ड44 बसंत खिलाड़ी कांग्रेस व मोहित टंडन निर्दलीय, वार्ड 49 लुकेश साहु निर्दलीय व तारिणी चंद्राकर निर्दलीय, वार्ड 50 प्रतिमा झा निर्दलीय, अनुपा साहू निर्दलीय व रेखा बंदे निर्दलीय, वार्ड 5 1 जेम्स साजन जोसेफ भाजपा, वार्ड 52 सुधीर चंदेल कांग्रेस, डॉ खिलेन्द्र साहू निर्दलीय, रविकांत यादव निर्दलीय, महेश यादव निर्दलीय, ऐमन साहू निर्दलीय व प्रशांत साहू निर्दलीय, वार्ड 53 मेघदत्त साहू निर्दलीय, सविता साहू भाजपा, येगेश्वर निर्मलकर निर्दलीय व योगेश कुमार निर्दलीय, वार्ड 54 सुनीता चंदानिया कांग्रेस व सतरूपा भारती निर्दलीय, वार्ड 55 मोतीलाल साहू निर्दलीय व कुशल उजाला निर्दलीय, वार्ड 56 संतोष सोनी व अरुण यादव, वार्ड 57 नीलम पवार निर्दलीय, सरस निर्मलकर भाजपा, सुदेश्वर नायक शिवसेना व पिलिया साहू निर्दलीय, वार्ड 58 केसरी विश्वकर्मा निर्दलीय भानुमति साहू निर्दलीय, रुपेश्वरी साहू भाजपा व यशोदा साहू आप, वार्ड 59 निकिता सिंह कांग्रेस, पिंकी यादव निर्दलीय, कंचन यादव निर्दलीय व विजयलक्ष्मी साहू निर्दलीय एवं वार्ड 60 से नीलू सोनी शिवसेना व नीरा खिचरिया कांग्रेस ने पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल किया।

# लोकसेवा केन्द्र का पोर्टल बंद, प्रशासन मुकदर्शक

## फरियादी हो रहे हालाकान, पोर्टल का सर्वर ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में लोकसेवा केन्द्र का कार्य पूरी तरह से भच हो गया है। दुर्ग तहसील में ही पांच सौ से अधिक आवेदन लंबित है। नया पोर्टल लागू होने के कारण पिछले पन्द्रह दिन से सर्वर डाउन चल रहा है। लोगों की समस्या की शिकायत के बाद भी प्रशासन इस ओर गंभीर नही दिख रहा है। चुनाव मशगुल में डूबे प्रशासन के इस रवैय्ये को लेकर लोगों में नाराजगी सामने आ रही हैं।



आवश्यक सूचना

लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से प्रदाय की जाने वाली सेवाओं जैसे निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, अस्थाई जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य सेवाओं के परिचालन में तकनीकी समस्या आने के कारण कार्य अभी बाधित/ई–डिस्ट्रीक्ट पोर्टल बंद है, जिसके निराकरण/समाधान होने उपरांत ही सेवाओं का संचालन पुनः किया जावेगा।

अतः असुविधा के लिये खेद है। कृपया धैर्य रखे। तकनीकी समस्या के समाधान होने उपरांत पुनः सेवाओं का संचालन किया जायेगा।

दुर्ग तहसील में पोर्टल खराब होने का पोस्टर चस्पा कर दिया गया हैं। ऐसे में यहां रोजाना सैकडों फरियादी बगैर काम कराए मायूस होकर लौट रहे हैं। ऐन चुनाव के बीच इस तरह पोर्टल बदलने के खेल में प्रत्याशी भी हालाकन हो गए थे। वर्तमान में लोकसेवा बंद होने के कारण लोगों को आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने सहित जमीन के विभिन्न कार्य कराने के लिए परेशान होना पड रहा है। वेंडरों ने बताया कि, आवेदन आने के बाद एंट्री तक नही हो पा रही है। परेशान लोकसेवा केन्द्र के कर्मचारियों ने पोर्टल बंद होने का चस्पा तहसील कार्यालय में टांग दिया है। जिससे जमीन से संबंधत सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### पंजीयन नहीं कर रहे, दे रहे सिर्फ पर्ची

जानकारी अनुसार दुर्ग तहसील में पांच सौ आवेदन लंबित हैं। पीडितों ने बताया कि, उनके दस्तावेज स्कैन कर रख लिया गया है और इसके बदले उन्हें लाल पर्ची दे दी गई हैं। जबकि उन्हें पंजीयन नंबर नही दिया गया है। जिसके कारण प्रक्रिया तहसीलदार के पोर्टल तक नही पहुंची है। जिसके कारण अब तक पांच सौ से अधिक प्रकरण लंबित है। ऐन परीक्षा और चुनाव के बीच नया पोर्टल लांच करने से सर्वर की समस्या बनी हुई हैं। ई डिस्टिक्ट प्रभारी श्रुति अग्रवाल ने बताया कि, उच्च अधिकारियो को सूचना दे दी गई है। जिला नही बल्कि प्रदेशभर में ऐसी स्थिति हैं।

# नगर निगम ने सात दिनों में वसूला एक करोड़ से अधिक का टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम का राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। नगर निगम को जलकर, संपत्ति कर, दुकान किराया, समेकित कर के रूप में पिछले 7 दिनों में निगम कर्मचारी फील्ड में रहकर एक करोड़ से अधिक टैक्स वसूलकर निगम कोष में जमा किया गया है। कलेक्टर व निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम से किराए पर दुकान लेकर समय पर किराया न पटाने वाले, जलकर का भुगतान हर माह नियमित रूप से न करने वाले तथा अन्य करों का भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने अभियान छेड़ दिया है। आयुक्त के निर्देश एवं राजस्व अधिकारी आरके बोरकर व सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर के मार्गदर्शन में राजस्व वसूली टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र में इसी तरह अन्य करों की वसूली के लिए भी अभियान तेजी से चल रहा है। नगर निगम के 60 वार्डों में नगर निगम को विभिन्न मदों से करों की प्राप्ति होती है। जिम्मेदार नागरिक समय पर अपने सभी प्रकार के कर का भुगतान नगर निगम को कर देते हैं। वहीं कुछ ऐसे भी नागरिक है जो निगम के कर का भुगतान समय पर नहीं करते।

■ टैक्स नहीं पटाने वालों पर हो रही कार्रवाई



### कर वसूली के लिए चल रहा अभियान

नगर निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम को जलकर, संपत्ति कर, दुकान किराया, समेकित कर के रूप में एक करोड़ से अधिक का कर वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि निगम में काउंटर खुल जाने से लोगों को टैक्स जमा करने करदाता खुद पहुच रहे है।

# कॉलेज में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि हम सभी इस साल 76 गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की थीम है स्वर्णिम भारत विरासत और विकास जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, विरासत और समृद्धि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की आकांक्षाओं पर केन्द्रित है। इस अवसर पर तिरंगे के रंगों के गुब्बारे उड़ाए गए। मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, एन.एसएस. अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. सुषमा यादव एवं एन.एस.एस. की छात्राएँ उपस्थित थे। संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया।

## आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री डीकेन्द्र कुमार पटेल आ. भुवन लाल पटेल निवासी- बजरंग चौक, ग्राम- उमदा, तहसील- भिलाई-03, जिला- दुर्ग (छ.ग.) ने श्री रमेश प्रजापति आ. श्यामलाल प्रजापति उम्र- 43 वर्ष, निवासी- मकान नंबर- 272, बजरंग चौक, ग्राम- उमदा, तहसील- भिलाई- 03, जिला- दुर्ग (छ. ग.) के हक,स्वामित्व की भूमि जो मौजा उमदा, तहसील- भिलाई-03, जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा नंबर- 127, रकबा- 0.160 हेक्टेयर को चुकता क्रय करने बिक्री इकरारनामा दिनांक- 21/10/2023 निष्पादित किया जिसके एवज में मेरे पक्षकार से कुछ राशि रमेश प्रजापति द्वारा प्राप्त कर उक्त तयशुदा भूमि में से कुछ भाग मेरे पक्षकार को रजिस्ट्री कर दी गई है शेष भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा अपनी तैयारी व ततपरता दिखाते हुए रजिस्ट्री बयनामा करने रमेश प्रजापति के पास कई बार निवेदन किया गया जिस पर रमेश प्रजापति लगातार टाल मटोल करता रहा और लालचवश किसी तीसरे पक्ष को विक्रय करने का कुप्रयास कर रहा है जिस कारण मेरा पक्षकार अपने हित और अधिकार की रक्षा करते हुए रमेश प्रजापति के विरुद्ध विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के तहत सक्षम न्यायालय में दावा दायर करेगा जिस कारण सभी आमजन को सविनय सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि से संबंधित कोई भी जन विक्रेता श्री रमेश प्रजापति आत्मज श्यामलाल प्रजापति उम्र- 43 वर्ष निवासी- मकान नंबर- 272, बजरंग चौक, ग्राम- उमदा, तहसील- भिलाई- 03, जिला- दुर्ग (छ.ग.) से सौदा व संव्यवहार ना करे। **यदि सूचना पश्चात भी ऐसा किया जाता है तो वह अविधिक होकर शून्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।**

तदनुसार सूचना जानें।

रायपुर ( छ.ग.)
दिनांक- 28/01/2025
मुहर

राहुल ठाकुर, अधिवक्ता
पता- जे- 67/68, नॉर्थ एवेन्यू चौबे कॉलोनी, रायपुर, जिला- रायपुर ( छ.ग.)

समक्षः श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय जिला-दुर्ग छ.ग.
//शपथ पत्र//

मैं शपथकर्ता - आत्मा राम दौलतानी आयु- 59 वर्ष, पिता स्व. दांदूमल दौलतानी निवासी- एकता चौंक सिन्धी गुरुद्वारा के सामने भिलाई-03 थाना-पुरानी भिलाई तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग, छ.ग. का रहने वाला हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि :-01. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार हैं। 02. यह कि, मेरा पुत्र संदीप दौलतानी जो कि विगत एक माह से मेरे घर, दुकान, से अलग रह रहा हैं तथा परिवार से भी पृथक रहकर अपना जीवन यापन कर रहा हैं। 03. यह कि, मेरा पुत्र संदीप दौलतानी मेरे घर, दुकान व परिवार से अलग रहने के कारण हम लोगों से सम्पर्क में नहीं रहता है तथा मैं अपने पुत्र संदीप दौलतानी से अलग होने के कारण अपने चल-अचल सम्पत्ति से पृथक कर रहा हूँ। यदि मेरा पुत्र संदीप दौलतानी मेरे दुकान, व्यवसाय, घर से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई अनैतिक कार्य करता हैं तो इन सबकी सम्पूर्ण जवाबदारी / देनदारी मेरा पुत्र संदीप दौलतानी रहेगा। इसमें मेरा जवाबदारी / देनदारी नहीं रहेगा। अतःयह शपथ पत्र उपरोक्त वर्णित कथनों के संबंध में श्रीमान सक्षम अधिकारी प्राधिकारी महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत करता हूं।

आत्माराम
शपथकर्ता

# दो सप्ताह के बाद धान का 120 करोड़ जारी, आखिर के दो दिन में खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विगत चौदह तारीख से धान की राशि किसानों को जारी नही की जा रही थी। लेकिन मंगलवार को राज्य शासन द्वारा 120 करोड रूपए की राशि जारी कर दी है। जिसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। बहरहाल आगामी 31 जनवरी तक धान की खरीदी होगी। लेकिन राज्य स्तर से खरीदी पर अचानक रोक लगा दी गई हैं। जिससे किसान परेशान हो रहे हैं।

■ राज्य से अचानक बंद कर दी गई है धान की खरीदी



जानकारी अनुसार 27 से 29 जनवरी तक धान की खरीदी बंद रहेगी। वही टोकन वितरण में भी रोक लगा दी गई हैं। किसानों ने बताया कि, वर्तमान में आनलाइन और आफलाइन टोकन नही कट रहा है। अफसरों का कहना है कि, अंतिम दो दिन में ही खरीदी होगी। किसानो ने बताया कि विगत 14 तारीख से धान बेचने वाले किसानों को राशि का भुगतान नही हो पा रहा था। जानकारी लेने पर सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, मंगलवार को शासन द्वारा 120 करोड रूपए जारी कर दिया गया हैं। जिसके बाद भुगतान किया जा रहा हैं। जानकारी अनुसार अब तक जिले में 106218 किसानों से 57 लाख क्विंटल की खरीदी की जा चुकी हैं। जिले में 73 करोड 64 लाख रूपए की राशि का भुगतान बाकी था। हांलाकि शासन से राशि जारी होने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली हैं।

### जिला पंचायत और जनपद में एक-एक फार्म जमा

**दुर्ग।** त्रिस्तरीय पंचायत के तहत नामांकन के दूसरे दिन जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक तीन से लुकेश मारकंडेय ने फार्म जमा किया, वही छः फार्म बिके। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक आठ से सुशीला निषाद ने नामांकन फार्म दाखिल किया। वहीं दूसरे दिन 19 लोगों ने नामांकन फार्म खरीदा हैं।

### 1174 नामांकन जमा

**दुर्ग।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 के अंतर्गत नामांकन जमा करने के दूसरे दिन पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के 1174 नामांकन जमा हुए। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार पंच के 1052, सरपंच के 113, जनपद पंचायत सदस्य के 08 तथा जिला पंचायत सदस्य के 01 नामांकन जमा हुए है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# दूरदर्शिता और पारंपरिक शिल्प कलाओं से गुरेदा के जागेश्वर ने पाया रोजगार

संजय कुमार साहू ▶▶| अंडा

वर्तमान में एक ओर जहां आधुनिक सुविधा और संचार के साधनों के विकास के साथ ही दैनिक जीवन के उपयोग की वस्तुओं का निर्माण प्लास्टिक, लोहे, एल्यूमीनियम आदि से होने से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प कलाओं पर बहुत बुरा असर पड़ा है। वहीं शिल्पकारों को रोजगार की तंगी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन ऐसे में कक्षा पांचवी तक की शिक्षा हासिल करने वाले ग्राम गुरेदा के जागेश्वर कुम्हार ने अत्यंत दूरदर्शिता और चतुराई से काम लेना प्रारंभ किया है। अंडा क्षेत्र में भ्रमण कर संजय साहू ग्रामीण पत्रकार और लोक संस्कृतिकर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने अपने समुदाय विस्तार सेवा के अंतर्गत ग्रामीण शिल्पकारों से चर्चा कर बताया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व जागेश्वर कुम्हार ने अपने स्वर्गीय पिता गंगाधीन कुम्हार द्वारा प्राप्त मिट्टी कला को आज भी अपने रोजगार का जरिया बनाया हुआ है। वहीं अन्य समय में अपने गांव के आसपास के गांवों में जाकर रुई से गद्दा, तकिए, सोफा, दीवान आदि के लिए गद्दे का निर्माण कर वर्ष के बारहों महीने अपने को व्यस्त रखते हैं और रोजी-रोटी एवं घर-परिवार की आजीविका के लिए साधन जुटाने में सफल हुए हैं। उनके परिजनों में दो लड़की और एक लड़का है, जो स्थानीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वहीं दीपावली के समय मिट्टी के दीए, कलसा, ग्वालीन दीया, नांदिया, कड़ेरा, कसेली को बनाने में आदि में अपनी शिल्पकारी का हुनर दिखाते हैं। वहीं तीजा-पोला के समय पोरा, जाता, चकिया, कराही, करछूल, नंदिया बईला आदि बनाकर तीज-त्योहारों के लिए आवश्यक संसाधन का निर्माण करते हैं। इस तरह से जागेश्वर कुम्हार ने किसी तरह से मिट्टी कला और गद्दा बनाने से अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में जागेश्वर कुम्हार पूरी तरह से सफल हुए हैं। ऐसे में उन्हें किसी तरह की आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ा है। साथ ही बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए निरंतर प्रेरित करते रहते हैं। वहीं बच्चे अपने पिता की चतुराईपूर्ण कार्य से बेहद प्रभावित हैं और वे उनके साथ समय निकाल कर मेहनत भी करते हैं। इस तरह देशी कलाओं के साथ ही रोजगार के विकल्प के रुप में लोगों के लिए उपयोगी सामान बनाने के लिए भी छत्तीसगढ़ के शिल्पकारों को तैयार होने की जरूरत है, ताकि उन्हें दूसरों का मुंह नहीं तांकना पड़े।

## जागेश्वर दीपावली त्योहार के समय मिट्टी का समान भी बनाते हैं



### शिल्पकारों को अपनी हुनर बेहतर बनाए रखने की जरुरत

चर्चा के दौरान जागेश्वर कुम्हार ने यह भी बताया कि आने वाले लोगों के लिए विशेष रुप से मिट्टी की सामग्रियां, बच्चों के लिए मिट्टी के खिलौने और घर के लिए उपयोगी गद्दे, तकिए, सोफा के गद्दे आदि का निर्माण लगातार कर रहे हैं। साथ ही साथ समय को देखते हुए ग्राहकों के पसंद के अनुसार गद्दा बनाने के लिए आर्डर भी लेते हैं। जागेश्वर कुम्हार ने अपने घर में छोटी-सी मशीन भी रुई धुलाई करने की लगा ली है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योग की तरह कार्य वर्ष भर करते रहें और अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान कर सकें। ऐसे में स्थानीय शिल्प कला और शिल्पकारों को अपनी हुनर को बेहतर बनाए रखने की जरुरत है तथा इसमें नवीन तकनीकी को शामिल करते हुए लोगों के लिए उपयोगी सामान बनाकर, बेचकर कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। अन्य स्थानीय युवक-युवतियों को रोजगार दे सकते हैं तथा अपनी देसी कलाओं को भी समृद्ध करने में ग्रामीण शिल्पकारों की अपनी भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

## खबर संक्षेप



### दानेश्वर व शिवकुमार ने किया नामांकन दाखिल

**धमधा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन जिला पंचायत सदस्य के लिए 2 अभ्यार्थियों का नामांकन फार्म प्राप्त हुआ इनमें जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से शिवकुमार वर्मा एवं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से दानेश्वर साहू ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान जालम पटेल, देवेन्द्र चंदेल, मधुसुदन राणा, राजेश मानिकपुरी, संतन राम साहू, धनेश्वर वर्मा सहित बड़ी संख्या में उनके सर्मथक एवं क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे। वहीं पहले दिन कुल 7 अभ्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों से जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन फार्म लिया। दानेश्वर साहू व शिवकुमार वर्मा ने कहा कि वे क्षेत्र के ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास को लेकर चुनाव मैदान में है। क्षेत्र के किसानों से जुड़े मुद्दे के अलावा अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं आदि उपलब्ध कराने का प्रयास उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### निधन

#### नीलकुमारी बाई चंद्राकर



**अंडा।** ग्राम अंडा गुरुवार बाजार चौक निवासी नीलकुमारी बाई चंद्राकर उम्र 78 साल का गृहनिवास में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 जनवरी को अंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे यादवेन्द्र चन्द्राकर की मां व दिपांशु चन्द्राकर की दादी थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## अंचल के सरकारी संस्थानों, भवनों, अस्पतालों सहित चौक-चौराहों पर शान से लहराया तिरंगा

# गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

### कुम्हारी के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



नगर में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनेक सरकारी संस्थाओं, स्कूलों व नगर के प्रमुख चौक-चौराहों में शान से तिरंगा फहराया गया। कई प्रतिष्ठित संगठनों ने भी इस गणतंत्र दिवस को बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाया। नगर में सुबह से ही लोगों में देश प्रेम व झंडा फहराने की उत्सुकता देखी गई। नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर इस बार नगरपालिका में प्रशासक एवं अनुविभागीय अधिकारी महेश सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक एतिहासिक पल है, हमें अपने देश की एकता और अखंडता के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने समाज में स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हमें अपने नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर एवं सहायक अभियंता अतुल कुमार सिंह सहित नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। सरस्वती शिशु मंदिर में मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को एकजुट रहने की जरूरत है एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव होना चाहिए। इस मौके पर आशीष गोयल, अवधेश दुबे, बबला चन्द्राकर, शिरीष अग्रवाल, डीके अग्रवाल, विद्यालय के अध्यक्ष निश्चय बाजपेई, राजकुमार शुक्ला, अश्वनी साहू, हरिदास वैष्णव, संजय पाण्डेय, आरबी मिश्रा, सुनील पटेल, शंकर मढ़रिया, आलोक दुबे, शिव कुमार, राजकुमार सिंह एवं अश्वनी देशलहरे सहित अभिभावक एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जागेश्वरी साहू एवं आभार अरिंद्र वर्मा ने व्यक्त किये। अंत में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

विचक्षण जैन विद्यापीठ में पूरी राष्ट्रीय गरिमा के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर विचक्षण जैन विद्यापीठ प्रबंधन समिति के सदस्य, पीसी मालू, सम्पत, झाबक, राजेश सावनसुखा, विरेन्द्र कुमार नाहर, सुनील गोलछा, विद्यापीठ प्रशासनिक प्रमुख कर्नल पीके ठाकुर और प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा उपस्थित थे। कर्नल पीके ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अपने उद्बोधन मे उन्होंने एक अखण्ड एवं उज्जवल भारत की कल्पना को साकार करने में सभी के योगदान की बात कही। नाहर सर ने बच्चों में भारतीय मूल्यों के प्रति चेतना जागृत करने पर जोर दिया। विद्यापीठ के बच्चों ने भी अपना उद्बोधन और गायन प्रस्तुत किया। अंत मे सच्ची राष्ट्रीयता और भारतीयता की शपथ के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का समापन किया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्राचार्य लता रघुकुमार ने ध्वजारोहण किया। सेजस जंजगिरी में प्राचार्या मिनी गोपीनाथन ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल शंकरनगर में प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने गीत, भाषण और शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में बच्चों की विभिन्न उपलब्धियों पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। स्कूल के श्रेष्ठ शिक्षिका को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक सिंह एवं आभार पूनम सिंह ने प्रस्तुत किया। विद्याज्योति हा. से. इंग्लिश मीडियम स्कूल में शाला के प्राचार्य फादर लीजो मैथ्यू ने ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, प्राचार्य और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने छात्रों को भारतीय संविधान की अहमियत और उसे अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर एसएस बजाज, कार्यकारी निदेशक श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी में संरक्षक डॉ. मोहन आनंद ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि आज देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है ऐसे में हमसब की जिम्मेदारी है कि हम अपने कर्तव्य और जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें राष्ट्र के प्रति अपना पूर्ण समर्पण दें और देश की अखंडता को बनाए रखें। कुम्हारी व्यापारी संघ में दामोदर दास राठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अतिथि के रूप में रविन्द्र नाथ पॉल सहित समस्त व्यापारीगण उपस्थित थे। वहीं भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में पंचशील बुद्ध विहार शिवनगर कुम्हारी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। बौद्ध उपासक व उपासिकाओं द्वारा संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। बुद्ध विहार के प्रांगण में आयोजित इस आयोजन में मुख्य अतिथि मुकुंद राठोड सामाजिक कार्यकर्ता ने तिरंगा ध्वज फहराया। भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे ने कहा कि हमें भारतीय होने पर गर्व है और हमें भारतीय संविधान जान से प्यारा है। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के लोग उपस्थित थे। इसके अलावा विद्यादीप पब्लिक स्कूल, भारती विद्यालय, शिव इंटरनेशनल स्कूल, उदय कान्वेंट, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर सहित विभिन्न स्कूलों एवं सरकारी संस्थानों में भी शान से तिरंगा लहराया।

### गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर निकाली प्रभात फेरी



**अंडा।** शाउमावि अंडा दुर्ग के प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक, प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर, प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव, व्ही पद्मावती, समस्त शाला परिवार उपस्थित थे। इस अवसर पर ध्वजारोहण पश्चात प्रभात फेरी निकाल कर गांव के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात शाला प्रांगण में मंचीय कार्यक्रम कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें योगा, ताली योगा, देशभक्ति गीत रहे। साथ ही अटल टिंकरिंग लैब के विद्यार्थियों के लिए समग्र शिक्षा के द्वारा राज्य स्तरीय प्रोटोटाइप प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, जिला सभी को बहुत ही गौरान्वित किए हैं। फलस्वरूप प्राचार्य के द्वारा विजेता व समस्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया व संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### पंचशील बुद्ध विहार खुर्सीपार में ध्वजारोहण



**भिलाई।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंचशील नगर खुर्सीपार में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ब्राइट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ आयु, बालेश्वर चौरे द्वारा तिरंगा ध्वज फहराया गया। जिसमें उन्होंने डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का संविधान लागू होने की बात कही। ध्वज फहराने के बाद बुद्ध विहार खुर्सीपार में महाराष्ट्र से आए पूज्य भंते सारिपुत्त द्वारा सारगर्भित धम्म देशना दी गई जिसमें उन्होंने कहा कि बुद्ध विहार में केवल मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाने ही नहीं जाना चाहिए बल्कि हमें उसे आत्ममंथन का केंद्र बनाना चाहिए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष भागवत शेंडे, उपाध्यक्ष बबीता भैंसारे, मीडिया प्रभारी प्रकाश श्यामकुंवर, महासचिव हितेश श्यामकुंवर, सचिव विनय बोरकर, उपाध्यक्ष शुभम बोरकर, महिला समिति में अध्यक्षा आयुष्मति कांता मासूरकर, महासचिव रमा गजभिए, सह सचिव सुनीता मेश्राम, सचिव अंजलि श्यामकुंवर, उपाध्यक्ष सविता वासनिक, सिंधु वाहने, शालीना मेश्राम, गीता बोरकर, अनिता कराडे, लीहिनता फुले, इंदु ताई, ऊके, लक्ष्मी गायकवाड़, मीना बोरकर एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कोसरिया यादव भवन में फहराया तिरंगा

**उतई।** कोसरिया यादव समाज उतई नगर के द्वारा सामाजिक भवन नया पारा उतई में तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर समाजिक अध्यक्ष हरीश यादव, रविन्द्र वर्मा नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू पूर्व पार्षद, सतीश चंद्राकार पार्षद वार्ड 5, तेजराम यादव, भीषम देवांगन, डॉक्टर बृजमोहन साहू पूर्व एल्डरमेन, वेदराम यादव, खूबी साहू, पदुम लाल साहू, ऋषि साहू, चंदू साहू, रूपेश यादव, टिकु यादव, नंदू यादव, घनश्याम यादव, कन्हैया यादव, शिव ठाकुर, गंगा यादव, सारिका यादव, सत्यवती यादव, पूनाराम देवांगन, रोशन यादव सहित अन्य समाज के लोगों की सहभागिता रही।



### ननकट्ठी के राजपूत भवन में पं चंपेश ने किया ध्वजारोहण



**ननकट्ठी।** ग्राम ननकट्ठी के राजपूत भवन में गणतंत्र दिवस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम के भगवताचार्य पंडित चंपेश कृष्ण महाराज द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम के पंडित राम गोपाल तिवारी, प्राचार्या उमा शाला ननकट्ठी, लोकेश्वर सिंह ठाकुर, मलखान सिंह, महेश भुवाल, अजय सिंह, हेमंत गौर, मनोज सिंह, पोषण सिंह, संतोष सिंह राजपूत, गणेश अग्रवाल, धरमू मरकाम, बद्री, केदार, महावीर, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### लूज मोशन व डायरिया से फेल हुई किडनी को आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के इलाज से मिला नया जीवन

**भिलाई।** आरोग्यम अस्पताल में डॉक्टरों ने अपनी विशेषज्ञता और समर्पण से एक गंभीर रूप से बीमार युवक की जान बचाने में सफलता पाई है। यह युवक गैस्ट्रोएंटराइटिस, सेप्सिस और एक्यूट किडनी इंजरी जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित था। युवक को अस्पताल लाए जाने के समय उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी। पेट में तेज दर्द, उल्टी, डिहाइड्रेशन और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर के लक्षणों के चलते उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। आरोग्यम अस्पताल की विशेषज्ञ टीम, जिसमें गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट और क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट शामिल थे, उन्होने तुरंत उसका इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने मरीज के किडनी की कार्यक्षमता को बनाए रखने के लिए डायलिसिस का सहारा लिया गया। सही निदान और समय पर किए गए उपचार के कारण मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। अस्पताल के वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके साहू ने बताया कि यह मामला काफी जटिल था, मरीज की किडनी ने काम करना बंद कर दिया था एवं मरीज को डायलिसिस भी करना पड़ा, लेकिन हमारी टीम के सामूहिक प्रयास और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के चलते हमने मरीज को ठीक करने में सफलता पाई। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है एवं उसे अब डायलिसिस की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। मरीज के परिवार ने आरोग्यम अस्पताल की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हमने अपने बेटे के बचने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन यहां के डॉक्टरों और स्टाफ ने चमत्कार कर दिखाया। आरोग्यम अस्पताल ने इस सफलता के जरिए यह साबित किया है कि जटिल और गंभीर मामलों में भी यहां अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं और अनुभवी डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है। यह घटना अस्पताल के उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की एक और मिसाल है।

### निकुम क्षेत्र क्र. 17 में कांग्रेस से लीलादेवी की मजबूत दावेदारी

**निकुम।** पूर्व गृहमंत्री व विधायक रहे ताम्रध्वज साहू के निकुम में अलग ही पहचान है। वहीं कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में करोड़ों के विकास कार्यों से पूरे क्षेत्र की तस्वीर व तकदीर ही बदल कर रख दी है। वहीं गृहमंत्री साहू के नजदीक रहे व प्रदेश स्तरीय नाचा महोत्सव कराकर जनपद सदस्य रहे रुपेश देशमुख ने क्षेत्र क्रमांक 17 से अपनी पत्नी लीलादेवी देशमुख को कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर क्षेत्र के निकुम, मासाभाट, आमटी व आलबरस के ग्रामीणों से मिलकर जीत का आशीर्वाद मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई मंत्री निकुम में आ चुके हैं, वहीं क्षेत्र में करोड़ो के विकास कार्य हुआ।



### कुम्हारी भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होकर दुर्ग में उत्साह वर्धन करने पहुंचे सांसद विजय

- सभी प्रत्याशी को सांसद ने दी जीत की बधाई



**भिलाई।** दुर्ग सांसद विजय बघेल ने मंगलवार को कुम्हारी के भाजपा प्रत्याशियों के साथ नामांकन में शामिल हुए। वहां से सभी भाजपा पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करने के बाद सांसद विजय बघेल दुर्ग आए। यहां महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार सहित सभी भाजपा पार्षद प्रत्याशियों का उत्साह वर्धन किया। सांसद को अपने बीच पाकर सभी काफी खुश हुए। नगरी निकाय के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी नगर पालिका के भाजपा से अधिकृत अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी समर्थन प्राप्त करने और अपने साथ नामांकन में शामिल होने के लिए निवेदन किया। वापसी में सांसद विजय बघेल प्रत्याशी के निवेदन पर कुम्हारी के नामंकन रैली में शामिल हुए। सभी प्रत्याशी को जीत की अग्रिम बधाई एवं शुभकामना दिए। इस अवसर पर भाजपा कुम्हारी के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं भारतीय जनता पार्टी दुर्ग के भाजपा से अधिकृत महापौर प्रत्याशी व पार्षद प्रत्याशी के नामंकन में सांसद विजय बघेल शामिल हुए और सभी प्रत्याशी को जीत की बधाई दी।

### सोलर पंप और कन्ट्रोलर पैनल की चोरी

**बालोद।** ग्राम मनकी खार में खेतों की सिंचाई के लिए लगे सोलर पंप और कन्ट्रोलर पैनल को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। किसान की शिकायत पर अर्जुन्दा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वहीं, ग्राम अर्जुन्दा वार्ड नंबर 8 निवासी भागवत प्रसाद सोनकर ने बताया कि मेरा ग्राम मनकी के खार में एक एकड़ 92 डिस्मील जमीन है। उसमें मैं शासन की योजनान्तर्गत सिंचाई के लिये सोलर पंप 5 एचपी का लगाया हूं। 22 जनवरी को खेत गया था, तब मेरे खेत में लगे सोलर सबमर्सिबल पम्प के बाहर लगा पंप कन्ट्रोलर पैनल लगा हुआ था, वहीं 24 जनवरी को अपने खेत देखने के लिये गया था तो मेरे खेत में लगे सोलर पंप और सोलर सबमरसिबल पम्प के बाहर लगा पंप कन्ट्रोलर पैनल गायब था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है।

### श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स कुम्हारी में 76 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन, तिरंगे के रंग में दिखे छात्र-छात्राएं




**भिलाई।** श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, कुम्हारी में 76वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और राष्ट्रीय उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने तिरंगे के रंग में रंगे हुए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. प्रीती गुरनानी ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्र की अखंडता और एकता के प्रति सभी को अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराया। समारोह में छात्रों ने भारत माता की जय, राष्ट्रगीत और देशभक्ति के गीतों के साथ कार्यक्रम में अपनी भागीदारी की। कार्यक्रम में छात्रों ने तिरंगे के रंगों में रंगी हुई पोशाकों के साथ परेड का आयोजन किया, जो गणतंत्र दिवस की महत्ता और भारतीयता को जीवित रखते हुए देशभक्ति का संदेश देते हुए समापन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, प्राचार्य और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने छात्रों को भारतीय संविधान की अहमियत और उसे अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

## मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी के लिए किया अच्छा प्रयास

# विद्यार्थियों ने निकाली 'मतदान मेरा अधिकार' जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

नगर में संचालित एक ऐसा निजी विद्यालय जो नगर व क्षेत्र के संस्कृति, समाज कल्याण के विकास पर निःस्वार्थ भाव से विविधता पूर्ण 13 वर्ष से अनवरत नगर धमधा में केवल ऊँ सांई संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमधा द्वारा प्रत्येक वर्ष अलग-अलग विषयों पर जागरुकता शोभायात्रा निकाला जाता है। इस वर्ष भी संस्था ने आने वाले चुनाव को लेकर 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशानिर्देश पर प्रेणाश्रोत झाँकी 'मतदान मेरा अधिकार' से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए धमधा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाला गया।



संस्थान में सुबह 7.40 को शिक्षण समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण ताम्रकार के द्वारा ध्वजारोहण कर 8.30 बजे शोभायात्रा को निकाला गया। संस्थान में 11 बजे से धर्मेंद्र ताम्रकार के दिशानिर्देश पर लोक प्रहरी-हमारी संस्कृति छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसमें विद्यालीन बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिए। संस्था में स्काउट गाईड एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के बालक-बालिकाओं का विशेष सहयोग रहा। समाज सेवक कुबेर साहू ने कक्ष निर्माण के लिए 2,50,000 की राशि का घोषणा किया। कार्यक्रम में आम नागरिकों की भीड़ अधिक थीं। इस अवसर पर कल्याण सिंह चौहान, पवन देवांगन, विष्णु ताम्रकार, मनहरण साहू, चित्तरेखा योग, दुधवा पटेल, निकेत ताम्रकार, पीयूष ताम्रकार, रामकुमार यादव, आशीष ताम्रकार, प्राचार्य नीतू साहू सहित विद्यालय स्टाफ़ उपस्थित थे।

## ट्विनसिटी में एक बड़े एंटरटेन्मेंट सेंटर की दरकार

# आखिर लाखों मेहनतकश मनोरंजन के लिए कहां जाएं, शिवनाथ रिव्हर व एम्यूजमेंट पार्क ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

धीरे धीरे महानगर के रुप में आकार ले रही ट्विनसिटी एक बड़े मनोरंजन सेंटर के लिए तरस रही है। फौलाद ढालने और व्यापार, उद्योग तथा अन्य क्षेत्रों से जुड़े लाखों लोग ड्यूटी की थकान के बाद परिवार के साथ शाम या वीकएंड पर सैर सपाटे के लिए आखिर जाएं तो जाएं कहां, यह चर्चा वर्षों से आम है। शहरवासी चाहते हैं कि मिनी इंडिया में हर क्षेत्र में विकास के साथ लोगों को रीचार्ज होने घूमने के लिए मेट्रो के अनुरुप मनोरंजन केंद्र विकसित किए जाने की जरुरत है। इस दिशा में राज्य सरकार, नगर निगमों और भिलाई इस्पात संयंत्र को पहल करना चाहिए। जन प्रतिनिधियों को इसके लिए आगे आने की दरकार है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद पिछले 24 साल में भिलाई दुर्ग का हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। ट्विनसिटी और इसके चारों ओर पचासों उप नगर विकसित हो गए हैं। शहर उद्योग, व्यापार, व्यवसाय, रियल इस्टेट आदि के एक बड़े केंद्र के साथ एजूकेशन हब के रुप में विकास हो रहा है। आबादी पंद्रह लाख से ऊपर पहुंच गई है। बीएसपी के हजारों लोगों के साथ इससे अधिक लोग यहां नौकरीपेशा व अन्य व्यवसायों से जुड़े हैं, जो नारायण मूर्ति के जुमले की तरह 90 घंटे तो नहीं, लेकिन दस से बारह घंटे काम की थकान बाद शाम या छुट्टी के दिन घर से बाहर परिवार के साथ रिलेक्स होना चाहते हैं। घंटों पढ़ाई के बाद हजारों स्टूडेंट और मेहनतकश मजदूर तबका भी कहीं रिचार्ज होने की जरुरत महसूस करता है। लेकिन सालों बाद भी यहां कोई ऐसा बड़ा मनोरंजन सेंटर विकसित नहीं किया गया है। जानकारों के मुताबिक ट्विनसिटी में मौजूदा दौर के हिसाब से हर वर्ग के लिए मल्टी एंटरटेंमेंट बनाए जाने की जरुरत है, जहां महानगरों की तरह इलेक्ट्रानिक झूले,ट्राय ट्रेन, खाने पीने की चौपाटी, मिनी जुलाजी पार्क एंड वाटर पार्क, साइंस कम जागरफिकल सेंटर, फाक कल्चरल फोरम और नाट्य थिएटर आदि मनोरंजक व शिक्षावर्धक माध्यम एक ही स्थल पर हों। इसके लिए सरकार,निकायों और बीएसपी सहित औद्योगिक संस्थानों को पहल करने की दरकार है।

### एसएलवर्ल्ड की तर्ज पर विकसित हों मनोरंजन के संसाधन

#### मैत्रीबाग व नंदन वन की चमक हुई फीकी

ट्विनसिटी में सैर सपाटे के नाम पर स्थित चंद मनोरंजन स्थल सालों पुराने हैं, जिनकी चमक वक्त के साथ फीकी पड़ती जा रही है। इवेंट प्रबंधन से जुड़े लोगों के मुताबिक मैत्रीबाग जू में वन्य प्राणी काफी कम हो गए हैं,चित्रमंदिर व नेहरु हाउस टाकीज व नंदन वन बंद हो चुके हैं। मनोरंजन के लिए लोग खाने पीने सिविकसेंटर चौपाटी, शहीद पार्क जाते हैं। मनोरंजन के नाम पर पटरीपार क्षेत्र तो बेरौनक है। घसालभर पूर्व ठगड़ा बांध को चौपाटी व नौकायन के रुप में विकसित किया गया है, लेकिन यहां अन्य मनोरंजन के संसाधन नहीं हैं। तारामंडल, राजेंद्र पार्क चौपाटी में भी फुल मनोरंजन नहीं है।









#### सेर सपाटे से परिवार के साथ लोग होंगे रिचार्ज

गौरतलब हो कि बीस साल पूर्व ट्विनसिटी में एम्यूजमेंट पार्क की योजना तत्कालीन महापौर नीता लोधी व सरोज पांडे के कार्यकाल में बनाई गई थी। बाद दुर्ग में नाना नानी पार्क व बाद शिवनाथ रिव्हर फ्रंट की योजना भी निगम ने बनाई जो ठंडे बस्ते में हैं। जानकारों के मुताबिक दुर्ग में भरदा कोनारी आदि में शिवनाथ के तट को हजार पांच सौ एकड़ क्षेत्र में एडवांस्ड एसेलवर्ल्ड की तरह निर्माण किया जा सकता है। यहां झूले, ट्राय ट्रेन आदि केमीना बाजार सर्कस कम जू, चौपाटी, वाटर पार्क,स्कीइंग, बोटिंग, कल्चरल कार्यक्रमों के लिए थिएटर आदि सुविधाएं हों।

# तीन करोड़ का ट्रांजेक्शन, 35 पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

खातों में करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन मामले में पुलिस ने अब तक 35 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 317 (2), 317(4),318(4), 61 (2), (क) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुलासा में एएसपी अभिषक झा ने बताया कि खातों में पुलिस ने अब तक 2 करोड़ 85 लाख का ट्रांजेक्शन का पता लगाया है। पुलिस ने 15 खाता धारकों 20 खाता उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई किया है।

- म्यूल खाते का संचालन का मामला
- मोहन नगर पुलिस कर रही है जांच

घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समनवय पोर्टल के माध्यम से हुई शिकायत हुई थी। जिसमें कनार्टका बैंक स्टेशन रोड दुर्ग में म्यूल एकांउट खाता धारकों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि कर्नाटका बैंक शाखा में कुल 111 खाता धारको के खाते में देश के अलग अलग राज्यो से ठगी का रकम पहुंचा।अब तक 2 करोड़ 85 लाख का ट्रांजेक्शन डिटेल की जानकारी पुलिस को मिली है।

#### यह हैं खाता धारकों के नाम

वार्ड 5 शंकर पारा रावण भांठा सुपेला प्रदीप कुमार महतो, कोसा नगर मराठी मोहल्ला हाउस नंबर 101 निखार मेश्राम, खुर्सीपार चंद्रमा चौक सुनील बारिक, क्वाटर नं. 8 बी सड़क 34 सेक्टर 4 सौरभ कोठारी, ग्राम पंचायत अंजोरा कमलेश साहू ,डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तेलहा नाला खुर्सीपार सरिता विश्वकर्मा, जोगी नगर पद्मनाभपुर सुधा मानिकपुरी ,61 एफ केएलसी मछली मार्केट जोन 2 खुर्सीपार बड़ी रवि , सेक्टर 07 मार्केट दुकान नं. 49 भिलाई नगर अनुकुल सरावगी, गया नगर दुर्ग वार्ड 3 प्रेम पांडेय, एकता पाण्डेय, वार्ड 8 तकिया पारा दुर्ग शदाब अली, राजिव नगर वार्ड 9 सुपेला जितेन्द्र बिंझलेकर, बापू नगर, उड़िया पारा कालू हरपाल, राम नगर मुक्तिधाम प्रवीण चंदेल है।

#### इन्होंने खाता उपलब्ध कराई

राधिका नगर सुपेला निवासी श्वेता दुबे , इंद्रानगर सुपेला नितला मंदिर राधिका नगर टुकेवर ठाकुर, इंद्रा नगर रावणभाठा हुमेन्द्र पटेल, कैंप 01 रोड न. 18 संग्राम चौक शुभम रंगारी,रामनगर विमल कुमार साहू, सुंदर नगर एमडी आरिफ , कृष्णा नगर बजरंग चौक यशवंत टोडल, कंट्रेक्टर कालोनी सुपेला राकेश साव, भय प्रसाद साव, वार्ड नं. 19 रामनगर रितेन पाण्डेय, महाराणा प्रताप कॉलोनी क्वार्टर नं. 1 बी/215 वार्ड नं. 10 अमृत पाल सिंह उर्फ करण, विश्रामपुर वार्ड 15 जिला सुरजपुर रंजय सिंह, वार्ड 4 थाना विश्रामपुर सुरजपुर अमन कुमार सिंह उर्फ सानू , मैत्रीकुंज रिसाली अथर्व जायसवाल, शांति नगर सुपेला वार्ड 14 सुपेला आयुश सोनी, चंद्रनगर स्ट्रीट नं. 27 कोहका सुपेला राहुल शर्मा, सूरजपुर रॉबिन लकड़ा, गुरप्रीत सिंह,अंबिकापुर रितेश जेकब कुजुर, रिंग रोड रायपुर कबीर नगर कंचन एक्का शामिल है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com




रामेश्वरम् धाम यात्रा

28 जनवरी से 06 फरवरी 2025, 04 फरवरी से 13 फरवरी 2025, 11 फरवरी से 20 फरवरी 2025, 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025, 25 फरवरी से 06 मार्च 2025, 18 मार्च से 27 मार्च 2025, 25 मार्च से 03 अप्रैल 2025, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025, 06 मई से 15 मई 2025, 13 मई से 22 मई 2025, 20 मई से 29 मई 2025, 03 जून से 12 जून 2025,

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

# हाईकोर्ट ने अतिक्रमित भूमि खाली करने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आरपी शर्मा बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) और भिलाई स्टील प्लांट" नामक रिट याचिका में फैसला सुनाया। इस मामले में भूमि के अतिक्रमण और याचिकाकर्ता आरपी शर्मा को 1998 में दी गई भूमि के लीज को समाप्त करने को लेकर विवाद था। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को सात दिन के भीतर अतिक्रमित भूमि खाली करने का आदेश दिया, ऐसा न करने पर सेल को आगे की कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया। न्यायालय ने सेल द्वारा लीज को समाप्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया, लेकिन अतिक्रमण की कार्रवाई को उचित ठहराया और प्रक्रिया की निष्पक्षता पर जोर दिया। जनवरी 2012 में, सेल ने लीज अनुबंध के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन करते हुए लीज समाप्त कर दी, जो भूमि पर अनधिकृत कब्जे के मामलों में लीज को समाप्त करने की अनुमति देता है। यह विवाद भिलाई के रुआबांधा सेक्टर में एचएससीएल कॉलोनी में स्थित एक भूमि से संबंधित है, जिसे याचिकाकर्ता आरपी शर्मा को लोकनायक जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थापित करने सहित सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आबंटित किया गया था। शर्मा ने भूमि का अपने इच्छित उद्देश्यों के लिए उपयोग करते हुए, आवश्यक प्राधिकरण प्राप्त किए बिना आस-पास की अतिरिक्त 2670 वर्ग फीट भूमि पर अतिक्रमण कर लिया। सेल से कई नोटिस प्राप्त करने के बावजूद, याचिकाकर्ता शर्मा ने अतिक्रमित क्षेत्र पर कब्जा करना जारी रखा। न्यायालय ने निर्णय दिया कि शर्मा द्वारा अतिरिक्त भूमि का कब्जा अवैध था। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रक्रिया की निष्पक्षता को नकारा नहीं किया जा सकता और लीज की समाप्ति समय से पहले की गई थी, क्योंकि भूमि के लिए लंबित आवेदन पर निर्णय नहीं लिया गया था।

- उच्च न्यायालय ने सेल के पक्ष में फैसला सुनाया

# हड़ताली कर्मचारियों को मिलेगा प्रमोशन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक पवन कुमार के साथ संयुक्त यूनियन की बैठक हुई जिसमें यूनियन ने मांग की कि जिन कर्मचारियों का प्रमोशन रोका गया है, उन्हें 31 दिसंबर 2024 से प्रमोशन दिया जाए । ऐसा नहीं होने पर संयंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हड़ताल कर्मचारियों को संवैधानिक अधिकार है । जो हड़ताल हुई ह वह शांतिपूर्ण थी, जिस तरह से इनका प्रमोशन रोका गया है वह प्रतिशोधात्मक करवाई है इससे भविष्य में संयंत्र पर गंभीर नकारात्मक परिणाम होंगे । अधिशासी निदेशक ने यूनियन नेताओं को आश्वासन दिया कि हम इस मुद्दे पर विचार कर जल्दी सकारात्मक निर्णय लेंगे । हम नहीं चाहते कि किसी कर्मचारी के साथ अन्याय हो । संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर सिंह बीएमएस से चन्ना केशवलू ,वशिष्ठ वर्मा इंटक से पूरन वर्मा सीटू जगन्नाथ त्रिवेदी, एसपी डे एटक विनोद सोनी विनय मिश्रा, एचएमएस प्रमोद मिश्रा हरिराम यादव एक्टू से बृजेंद्र तिवारी जेएल कुर्रे लोईमू से सुरेंद्र मोहंती कुमार भारद्वाज स्टील वर्कर्स यूनियन से संजय गुप्ता और प्रबंधन की तरफ से मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर महाप्रबंधक जे एन ठाकुर एसके सोनी आर रंजनी संजय द्विवेदी एवं विकास चंद्र शामिल थे।



- संयुक्त यूनियन को ईडी का मिला आश्वासन



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129


04



फैशन में भारतीयता

**लाइव इवेंट**

## स्काउट-गाइड के आगामी दिनों में होने वाले इवेंट का तैयार किया गया रोडमैप




**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के दो दिवसीय मेंबरशिप ग्रोथ वर्कशॉप में जिला एवं ब्लॉकवार टारगेट सेट कर स्ट्रेटजी प्लान को अंतिम रूप देने वर्कआउट किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के दिशा निर्देश पर आयोजित वर्कशॉप में राज्य मुख्यालय के पदाधिकारियां तथा कुछेक जिलों से जिला सचिव, जिला संयुक्त सचिव एवं स्काउटर, गाइडर भी सम्मिलित हुए। इंटीग्रेशन सेशन कोरबा जिले की सीनियर रेंजर्स टीम ने पूरा किया। एक्सपेक्टेशन एवं ऑब्जेक्टिव सेशन एएलटी गाइड केप्टीन एवं ग्रोथ फेसिलिटेटर पुष्पा शांडिल्य द्वारा लिया गया। कार्यशाला के मूल विषय ग्रोथ क्या है, इसकी आवश्यकता क्यों है और हमें क्यों आगे बढ़ना है, उदाहरण के साथ इसकी जानकरी स्टेट कोऑर्डिनेटर मोहम्मद सादिक शेख ने दी। स्टेट कोऑर्डिनेटर शेख ने ग्रोथ से संबंधित सात इंग्रेडिएंट को विस्तार से बताया। मेंबरशिप ग्रोथ कैंपेन और इसके महत्वपूर्ण तत्व क्या- क्या हैं, इस पर फोकस किया गया। तैयार की गई राज्य सांख्यिकी को डिस्प्ले किया गया। जिलों का डेशबोर्ड कैसे बनाया जाना है, यह बताया गया। स्टेट कोऑर्डिनेटर ने मेंबरशिप ग्रोथ के तहत निर्धारित राज्य एवं जिलों के लक्ष्य की जानकारी दी, मार्केट शेयर के बारे में बताया। इस दौरान प्रतिभागियों ने कोरिलेशन एक्सराइज के तहत जिले के मेंबरशिप के लक्ष्य को ब्लॉकवार विभाजित किया तथा 2026 के लिए टारगेट सेट किया।

**सिटी इवेंट**

## 76वें गणतंत्र दिवस पर ठगड़ा बांध में सजी नृत्यसंगीत की महफिलभ



**भिलाई।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर ठगड़ा बांध की खूबसूरती को चार चांद लग गए. गोल्डन वॉयस ने यहां देशभक्ति गीतों एवं नृत्य का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के साथ ही सभी उम्र के विवाहित जोड़ों ने भी शिरकत की। उन्होंने न केवल कराओके गीतों की प्रस्तुतियां दीं बल्कि देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर थिरकते भी नजर आए.शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक लगभग छह घंटे चले इस कार्यक्रम का शुभारंभ महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने गीत प्रस्तुत कर किया। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के विद्यार्थियों इस अवसर पर छत्तीसगढ़ नृत्य की खूबसूरत प्रस्तुति दी। गोल्डन वायस के संचालक दीपक रंजन दास, डॉ लक्ष्मी वर्मा, डॉ शशिभूषण साहू, प्रवीन्द्र सलारिया, संजय मोरे, गरिमा सिन्हा, सुशील भालेकर, टी प्रह्लाद, संगीता, बीएस मूर्ति ने गीत प्रस्तुत किये। भ्रमण के लिए रायपुर, राजनांदगांव से यहां सपरिवार आए लोग भी जश्न में शामिल हो गए. पति माइक पर तो पत्नी डांस फ्लोर पर नजर आई. कुछ लोग सपरिवार भी थिरकते नजर आए। कार्यक्रम में श्री शंकराचार्य महाविद्यालय की नीलम, ज्योति ध्रुव, योगिता मरकाम, संतोषी, धनंजय वर्मा एवं गणराज साहू ने छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं सतानंद सेन ने गीत की प्रस्तुति दी। भिलाई महिला महाविद्यालय की वेणुका चेलक, तारिणी साहू, वासनी कटेन्द्र एवं ममता साहू ने गीतों की प्रस्तुति दी। स्वतःस्फूर्त कार्यक्रम में शामिल होने वालों में बीएसएफ के हर्ष, संतराम देवांगन, आशीष शर्मा, इमानुएल मिंज, मनीषा चौधरी, नरेन्द्र साहू, निशा मिश्रा, सतीष मिश्रा, वेनु वर्मा, प्रणीता मिश्रा, सेवक राम भावनानी, अनुभव जैन, दिवेश श्रीवास्तव आदि शामिल थे।



## तालपुरी की सरस्वती आईसीबीसी की राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त



**भिलाई ।** ब्लू क्रॉस एवं ब्लू क्रिसेंट ऑर्गेनाइजेशन्स के फाउंडर एवं कमांडर डायरेक्टर मिथिलेश कारना ने आईसीबीसी की राष्ट्रीय कार्यक्रम निदेशक के रूप में तालपुरी की सरस्वती धानेश्वर को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पांच वर्षों के लिए की गई है। कारना ने बताया कि यह संगठन संयुक्त राष्ट्रसंघ के साथ मिलकर एक विशेष सलाहकार समिति के तहत कार्य करता है, जिसे दुनिया के दस संगठनों में विशेष दर्जा प्राप्त है। बता दें कि यह भारत सरकार के अंतर्गत पंजीकृत गैर लाभकारी और धर्मार्थ संगठन है। इसका उद्देश्य है शांति एवं मानवाधिकारों की रक्षा के साथ वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की दृढ़ता से वकालत करना। इसके अलावा यह संगठन प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। विदित हो कि सरस्वती धानेश्वर पिछले बारह सालों से मानवाधिकार एवं विश्व शांति समिति, भारत के साथ जुड़कर शांति एवं मानवता के लिए कार्य कर रही हैं, उनकी इस उपलब्धि पर संगठन के फाउंडर डायरेक्टर मिथिलेश कारना एवं संरक्षक जगदीश तपिश ने बधाई दी है।

**आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम, आईआईटी भिलाई और चेंबर ऑफ कामर्स में एमओयू**

# नए कारोबार और उद्योग के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करेगा आईआईटी भिलाई, चेंबर ऑफ कामर्स बेरोजगारों को जोड़ेगा व्यापार से

दुर्ग जिले में शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने, नवाचार, स्टार्टअप से लेकर अन्य डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करने की दिशा में तेजी से काम शुरू किया गया है। इसके लिए आईआईटी भिलाई ने चंबर ऑफ कामर्स के साथ मिलकर इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। चेंबर छोटे व्यापारियों और नए कारोबारियों के सामने आने वाली समस्याओं को आईआईटी तक पहुंचाएगा। मुख्य रूप से डिजिटल परेशानियों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसे लेकर आईआईटी सॉफ्टवेयर तैयार कर ऐसे समस्या का निराकरण करने की दिशा में काम करेगा, जिसे ऐसे नए और छोटे व्यापारियों के प्रोडक्ट को देश-दुनिया में सीधे बाजार मिल सके। इतना ही नहीं नए स्टार्टअप, नवाचार को लेकर नियमित रूप से वर्कशॉप की भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें हर प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर हो सके।

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य में व्यापार, उद्योग और तकनीकी नवाचार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से यह गठबंधन किया गया है। आईआईटी के डायरेक्टर राजीव प्रकाश, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन (आईबीआईटीएफ) के सीईओ प्रशांत माथुर, विष्णु वैभव द्विवेदी, संतोष विश्वास एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, संजय चौबे की मौजूदगी में इसे लेकर समझौता हुआ। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य में व्यापार, उद्योग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना है। दोनों संस्थाएं व्यापार और नवाचार के नए अवसरों को खोजने, राज्य की आर्थिक प्रगति को तेज करने और रोजगार सृजन के लिए ठोस कदम उठाने की दिशा में मिलकर काम करना है। अमर पारवानी, भसीन, अग्रवाल एवं चौबे ने



बताया की भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत 2047 को ध्यान में रखते हुए व्यपारियों एवं उद्यमियों के हितों के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित करना, विशेष रूप से स्टार्टअप और महिला उद्यमियों को सहयोग प्रदान करना है। पर्यावरण संरक्षण, जल पुनर्चक्रण, सौर ऊर्जा, वृक्षारोपण की नई तकनीकों को प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार निकायों के साथ साझेदारी स्थापित करना है। प्रतिस्पर्धा में सुधार व्यापार और उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद की गुणवत्ता सुधारने और एसओपी तैयार करने में मदद करना है।

### नवाचार को बढ़ावा देने भारत सरकार ने गठित की नवाचार परिषद

बता दें कि भारत में सभी उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) की स्थापना की गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा इसे लेकर पिछले दिनों राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आईआईसी रैंकिंग सार्वजनिक की गई थी। देश के 5,455 संस्थानों मैं से प्रदेश के 144 शैक्षणिक संस्थानों को ही रेटिंग दी है। आईआईसी ने इनोवेशन एंड स्टार्टअप सहित आठ बिंदुओं पर रेटिंग दी है। इसमें डिजाइन थिंकिंग एंड क्रिटिकल थिंकिंग, एंटरप्रिन्योरिशिप, इन्यूबेशन एंड प्री इंक्यूबेशन, इनोवेशन, आईपीआर, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, स्टार्टअप व अन्य को आधार माना। उच्च शिक्षा संस्थानों में स्टार्टअप प्रोमोशन तंत्र, नवाचार उपलब्धियों पर अटल रैंकिंग के लिए संस्थान तैयार करने, कार्यात्मक पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करने और छात्रों में बेहतर संज्ञानात्मक क्षमता का विकास करने पर फोकस किया गया है। सरकार के निर्देश पर ही आईआईटी रोजगार के संसाधनों को लेकर नित नए प्रयोग कर रही है।

### तकनीकी उपयोग नवाचार के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने वाला कदम

अनुबंध के बाद संयुक्त रूप से कहा गया कि यह कदम नवाचार के क्षेत्र में तकनीकी क्रांति लाने वाला कदम है। इससे छोटे और लघु उद्योगों के माध्यम से रोजगार की अपार संभावनाए हैं। यह प्रयोग सतत प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह प्रयोग महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देना। उद्योगों के आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित करेगा। वैश्विक व्यापारिक अवसरों का विस्तार होगा।

### सरकारी योजनाओं और अनुदान की भी देंगे जानकारी

चेंबर ऑफ कामर्स से जुड़े सदस्य अब बेरोजगारों को सरकारी की योजनाओं और मिलने वाले अनुदान की भी जानकारी देंगे। यदि कोई व्यापार करना चाहता है, तो वह किस तरह का व्यापार कर सकता है। उसके पास किस तरह के संसाधन उपलब्ध हैं। इसकी जानकारी के आधार पर रोजगार तय करने के सुझाव दिए जाएंगे। भौगोलिक स्थिति के आधार पर भी रोजगार की उपलब्धता के हर पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। आईआईटी इसके लिए डिजिटल प्लेटफार्म भी तैयार करेगा, जिसमें बेरोजगारों को जोड़कर उन्हें रोजगार से जुड़ी जानकारियां प्रदान की जाएंगी।



## आईसीएआई भिलाई की मैनेजिंग कमेटी सदस्य चुने गए

**भिलाई।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की भिलाई शाखा के मैनेजिंग कमेटी 2025-2029 के कार्यकाल के लिए चुनाव हुआ।

- भिलाई शाखा मैनेजिंग कमेटी 22025-2029 के लिए हुआ चुनाव

चुनाव की प्रक्रिया में मतदान अधिकारी के रूप में सीए पदम बारड़िया, राकेश धोदी, आनंद दीक्षित और संजीव कुमार ने अपनी जिम्मेदारी निभाई, जबकि मतगणना दिल्ली से आए हुए अधिकारियों ने की। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए। इस चुनाव के बाद राजेश कुमार बाफना, दिलीप कुमार जैन, सुखदेव राठी, प्रतीक राधेश्याम अग्रवाल, प्रभजीत सिंह जग्गी, तलबिंदर सिंह सैनी सदस्य चुने गए। सभी सदस्य अगले चार वर्षों तक भिलाई शाखा की गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे।



इनका उद्देश्य शाखा के सदस्यों के पेशेवर विकास को बढ़ावा देना, शाखा की नई पहल को सशक्त बनाना और चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे को क्षेत्र में और मजबूत करना है। मैनेजिंग कमेटी के नए सदस्य अन्य सदस्यों की जरूरतों को समझते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने और पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे।

## सीएसआर से स्कूल में उपलब्ध कराया पंखा, कूलर, कम्प्यूटर और अन्य जरुरत का सामान

**दुर्ग।** कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के सपोर्टिंग एजुकेशन एंड एंपावरिंग डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत आईडीबीआई बैंक पोलसाय पारा ने सेजस दीपक नगर में पंखा, कूलर, कंप्यूटर, कुर्सियां, प्रिंटर और एलइडी लाइट्स ने सौंपी। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अनूप विश्वकर्मा, नसीम खान क्षेत्रीय कार्यालय, डीईओ अरविंद मिश्रा, अमित घोष, सीमा नायक उपस्थित थे। प्राचार्य शेफाली सोनी को उक्त जरुरत के सामान उपलब्ध कराए गए। शेफाली सोनी ने शाला परिवार की ओर से शाखा प्रबंधक आईडीबीआई बैंक तथा समस्त स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सीएसआर के जरिए बैंक तथा कंपनियां समाज के साथ जुड़कर समाज और अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं, यह कार्य प्रशंसनीय है।




**गोंडवाना भवन सिविल लाइन में जय हिंद महोत्सव का आयोजन, जुटे दुर्ग-भिलाई के कलाकार**

# देशभक्ति गीतों ने जमाया रंग, कव्वाली की भी प्रस्तुति, श्रेष्ठ कलाकारों को मिला सम्मान

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** गोंडवाना भवन सिविल लाइन में देशभक्ति एवं कुछ चुनिंदा गीतों के गुलदस्ते से सजा जयहिंद महोत्सव का आयोजन किया गया। साईं म्यूजिकल ग्रुप [illegible]ा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में [illegible] अतिथि सांसद विजय बघेल थे, जो [illegible] अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। उनके स्थान पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु क्रूरता समिति के सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय बोहरा ने की। इस अवसर पर कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कव्वाली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मुकुंद साव, रउफ कुरैशी, फिरोज खान, शेख शकील, सुल्तान मिर्ज़ा, ज़ाकिर खोखर ने किया। आयोजकों ने कहा कि साईं म्यूजिकल ग्रुप इंडिया ने हमेशा की तरह विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों में अपनी सहभागिता रखने वाली महिलाओं और प्रतिभाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर समाजसेवा, शासकीय, अशासकीय विभागों में योगदान देने के लिए प्रीति अजय बेहरा, समाजसेवी मेघा कौर, नसीम बेगम, शाहाना कुरैशी, आबदा खान समाजसेवी मेघा कौर, शबनम खान, शब्बीर खान का सम्मान किया गया।



### ऐ मेरे वतन के लोगों... रंग दे बसंती... जैसे गीतों ने भरा उत्साह

ग्रुप के कलाकारों ने ए मेरे वतन के लोगों,, मेरे देश प्रेमियों, शारिक अली ने मेरा रंग दे बसंती चोला, जिंदगी की न टूटे लड़ी, जहां डाल डाल पर सोने की जैसे देशभक्ति गीत और कुछ चुनिंदा मशहूर फिल्मी गीतों में हाजी मिर्ज़ा साज़िद बेग ने प्रस्तुति दी। गायिका सरोज दुबे, अनिल गुप्ता, सईद खान, शब्बीर खान, परवीन खान, सुनील श्रीवास्तव ने अपनी आवाज़ और अंदाज़ में गाने की प्रस्तुति दी। मिर्ज़ा साज़िद बेग ने सभी अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया। इस अवसर पर सदस्य चारामा के अमृत लाल सिन्हा की माता और शब्बीर भाई के पिता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एमएस खान, चंद्रिका दत्त चंद्राकर, जाबिर खान, सईद खान, कज्जू भाई, अलीम भाई, लेखराम यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### ऐसे आयोजनों ने मिलता है प्रोत्साहन, हर संभव मदद का आश्वासन




इस अवसर पर बोहरा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि हमारे शहर में कई ऐसे कलाकार हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं, बस उन्हें एक अच्छे मंच की तलाश है। साईं म्यूजिकल ऐसे ही कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। नियमित रूप से ऐसे आयोजन करते आ रहा है। समाजसेवी का सम्मान होना चाहिए, इसके लिए संस्था ने जो प्रयास शुरू किया है, वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर मंच संचालक सादिक खान, रायपुर उत्कल समाज के अध्यक्ष समारू नायक, रामपुर के जानेमाने मूर्तिकार पीलू राम साहू, चित्रकार अरविंद प्रजापति, दूरदर्शन कलाकार एवं कव्वाल शारिक अली, सरोज दुबे, परवीन खान, गोंडवाना समाज के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर, दिलीप ठाकुर, अनिल पांडे को सम्मानित किया गया।



## सिटी इवेंट

### राज्य स्तरीय अबेकस स्पर्धा में भव्या व श्रुति बने चैंपियन



**भिलाई।** राम मंदिर के महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप रायपुर में यूसीमास द्वारा 11वें राज्य स्तरीय अबेकस एंड मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें दुर्ग की भव्या ठाकरे एवं श्रुति कुमारी ने अपनी अपनी केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन का ख़िताब जीता। प्रतियोगिता में राज्य भर के विभिन्न जिलों के 810 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों के लिए 200 प्रश्न दिए गए थे जिसे 8 मिनट में हल करने होते है। बच्चे यूसीमास अबेकस की विशेष पद्धति का उपयोग कर इन प्रश्नों को हल करते है। प्रतियोगिता में यूसीमास सिंधिया नगर दुर्ग सेंटर के 57 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और सभी वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। प्रतियोगिता में मदर कान्वेंट पब्लिक स्कूल दुर्ग की भव्या ठाकरे एवं कृष्णा पब्लिक स्कूल सिंधिया नगर की श्रुति कुमारी ने अपनी अपनी केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन का ख़िताब जीता। इसके अलावा अपनी अपनी केटेगरी में चारू देवांगन ने द्वितीय स्थान एवं जिनय पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुशिता श्रीवास, वरिष्ठा राठोड़, आदित्य कुमार, लेविना सोनी और चांदनी साहू ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। तनिष राजपूत, अथर्व ठाकरे, ख़ुशी चौहान ने पांचवा स्थान एवं ए दीक्षा और शिवांश सिंह गहरवार ने अपने अपने वर्गों में छटवां स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 21 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया, सिंधिया नगर सेंटर के पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन 26 जनवरी को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आई आई. टी. भिलाई के प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार एवं समाज सेवी डॉ. पी एल साव ने सभी बच्चों को पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की। डॉ अनिल कुमार ने बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए पेरेंट्स को इसी तरह अपने बच्चों को नई तकनीक एवं क्रिएटीविटी सीखाते रहने की बात कही, क्यूंकि आज के समय में बच्चों को समय के साथ चलना बहुत जरुरी है। यूसीमास सिंधिया नगर सेंटर दुर्ग के संचालक इंजिनियर युगल किशोर एवं अंजना साहू ने बच्चों के प्रदर्शन एवं उपलब्धियों के लिए सभी अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



## समाज इवेंट

### तिल गुड़ खाओ, मिठा-मिठा बोलो महाराष्ट्र मंडल में हुआ आयोजन



**भिलाई।** मां अनुसूया महाराष्ट्र मंडल कि सदस्याओं द्वारा हल्दी-कुमकुम का कार्यक्रम उत्साह के साथ आध्यामाता मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। मकर संक्रांति पर्व से शुरु हुए स्नान, दान, सूर्य उपासना, खिचड़ी, तिल-गुड़ दान का विशेष महत्व माना जाता है और इसके बाद से ही महाराष्ट्रीय परिवारों में महिलाओं द्वारा हल्दी-कुमंकुम लगाकर पति व परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है। मकर संक्रांति के बाद से ही हल्दी-कुमकुम सेलिब्रेशन का सिलसिला शुरु हो जाता है जो महिलाओं के सुहाग का प्रतीक माना जाता है। जिसे सुहागिन महिलाएं अपने-अपने घरों में धूमधाम से मनाते हैं। इसी कड़ी में मां अनुसूया मंडल कि सदस्याओं ने एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर, तिल-गुड़ का प्रसाद और उपहार देकर अपने पति का नाम लेकर तिल गुड़ खाओ, मिठा मिठा बोलो, कहकर हल्दी कुमकुम का आयोजन किया। सरस्वती, दुर्गा, काली, लक्ष्मी वाला गेम बहुत ही रोमांचक रहा और हाउजी गेम भी खेला गया। इस अवसर पर समाज की अध्यक्ष नंदा शेगोकर, सचिव मंदाताई कामीनकर, वनश्री मरजिवे, सरोज साकोरे, संगीता कोसे, कल्पना पराये, शोभा, अर्चना, ज्योती, खुशी, पुनम, भारती, पल्लवी, आशा, सुरेखा, प्रतिभा, दिपाली, वर्षा, क्रांती, शशी, शारादा, वर्षा, गरिमा, भारती उज्जवने, मीना राजनल, संगीता काले, अर्चना नखाते, माला बुलबुले, संजु, रविना, राजश्री, रेणुका, निलिमा सहित सभी सदस्याएं उपस्थिति रही।

### दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया ने मनाई हीरक जंयती



**भिलाई।** डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर सामुदायिक भवन कसारीडीही दुर्ग में गणतंत्र दिवस के अवसर पर दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के राष्ट्रीय ट्रस्टी के द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया गया। राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और सलामी दी गई। इस अवसर पर एस आर कानडे ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर आयुष्मान संजय शेन्दरे, सी एल माहेश्वरी, सी के डोंगरे, बी डी डोंगरेसहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर दुर्ग-भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में फहराया गया तिरंगा

# बैंड-बाजे की धुन पर परेड और निकाली प्रभात फेरी, सेना का शौर्य प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों की दी प्रस्तुति

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी स्थानों में आन-बान और शान से तिरंगा लहराया। देश का 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों के प्रमुखों ने झंडोत्तोलन किया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर कई शैक्षणिक स्थानों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर आयोजन में समां बांध दिया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में तिरंगा फहराया गया।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शा.उ. मा. विद्यालय न्यू खुर्सीपार में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के स्काउट गाइड विंग के विद्यार्थियों के द्वारा माधुरी चंदेल के निर्देशन में बैंड-बाजे की धुन पर परेड और प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष अग्रवाल, विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष निर्मल साहू, मनीष अग्रवाल, शीला बोरकर, संरक्षक अनिल सोनी व प्राचार्या प्रीति गुप्ता की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। प्राथमिक विंग के बच्चों के द्वारा पी.टी का प्रदर्शन भी किया गया। विद्यालय के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक के विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न रंगारंग, देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक स्कूल के बच्चों के द्वारा पारंपरिक खेलो से किस प्रकार मोबाइल को बच्चों से दूर किया जा सकता है का संदेश दिया गया। देश की सेना के शौर्य प्रदर्शन नाटक एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक भव्यता को प्रदर्शित करते हुए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की प्रस्तुति विद्यार्थियों के द्वारा दी गई। इस दौरान अतिथियों द्वारा प्रतिभाशाली बच्चों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर चार्टर सदस्यों का किया सम्मान



**भिलाई।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर लायंस क्लब भिलाई पिनाकल द्वारा पिनाकल ऑफिस मॉडल टाउन में ध्वजारोहण किया गया। सभी ने तिरंगे को सलामी दे राष्ट्रगान कर बच्चों और प्रौढ़ शिक्षा केंद्र की महिलाओं ने गणतंत्र दिवस पर कविताएं सुनाई। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर डे सेलिब्रेशन के तहत उपस्थित चार्टर सदस्यों का सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष चार्टर प्रेसिडेंट विभा भूटानी, रेविका बेदी, अंजू चौधरी, अध्यक्ष उर्मिला टावरी, सचिव रश्मि गेडाम एवं क्लब के सदस्य शालिनी सोनी, सुब्रता नागपाल, सिंहा शेखर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### देशभक्ति गीत का रंगारंग कार्यक्रम



देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति गीत संगीत का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवांगन समाज के गायक गायिकाओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की शानदार संगीत की प्रस्तुतियां दी, जिससे दर्शक झूम उठे। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। सांस्कृतिक प्रभारी रामगोपाल देवांगन के संयोजन में गायक लक्ष्मी नाथ देवांगन, राजू देवांगन, जुगल किशोर देवांगन, होमलाल देवांगन, मंगतूराम एवं गायिका सरिता देवांगन ने आकर्षक एवं जोशीला देशभक्ति गीत गाकर समां बांधा, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

### गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं



छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी ने सेक्टर-1 इंदिरा गांधी प्रतिमा, सेक्टर-6 एच.ए.सी.एल कॉलोनी, पावरहाउस रेल्वेब्रिज, गांधी चैक, पोटट्रू श्रीरामलू चैक, मेटाडोर स्टैंड सूपेला, चंदूलाल चंद्राकर रिक्शा स्टैण्ड, आर्दश नगर केम्प नं.-1 में ध्वजारोहण कर देश एवं प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

### राग मंजरी ने भरा देशभक्ति का जज्बा, सांस्कृतिक प्रस्तुति भी



दुर्ग-भिलाई की म्यूजिकल संस्था राग मंजरी ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भिलाई के सेक्टर 5 स्थित शहीद पार्क में देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत भिलाई महापौर नीरज पाल द्वारा 75 फीट ऊंचे पोल पर तिरंगा फहराकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह में देशभक्ति और उत्साह की लहर देखी गई। राग मंजरी के कलाकारों ने कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान जन गण मन से की और इसके बाद एक के बाद एक सुपरहिट देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। गायकों में जगदीश बामनिया, ऋषभ साहू, जान्ह्वी दत्ता, जीवनंदन वर्मा, तपन नाथ, सुरेश बारसागढ़े, और प्रमोद ताम्रकार ने अपनी गायकी से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया।

## मतदाता जागरूकता अभियान

# भारतीय लोकतंत्र की नींव युवा मतदाता बिना डरे व स्वतंत्र होकर करें मतदान



**लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखें- कुलपति**

**भिलाई।** स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजन किए गए। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति डॉ ए के झा ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र की नींव हमारे युवा मतदाता हैं। हमें लोकतंत्र में पूर्ण आस्था और विश्वास है इन्हीं परम्पराओं को बनाए रखना है। यह तभी संभव है जब मतदान के प्रति लोग जागरूक रहें और सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

कुलसचिव पी के मिश्रा ने कहा कि भारत में मताधिकार वयस्क नागरिकों को जाति, धर्म, संप्रदाय, वर्ग, भाषा, लिंग आदि भेदभाव के बिना प्राप्त है। नागरिकों को निर्भीक, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र हो कर अपने मत का उपयोग करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता दिवस के अवसर पर विधार्थियों और प्राध्यापकों, कर्मचारियों को जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विधार्थियों ने पोस्टर और स्लोगन भी बनाए जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी एवं डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ श्रुति तिवारी सहित स्टॉफ उपस्थित था।




## शारीरिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण सत्र आयोजित

# छात्रों के शारीरिक विकास के लिए सत्र आवश्यकः चारू



**भिलाई।** निजी विश्वविद्यालय केके मोदी यूनिवर्सिटी दुर्ग परिसर में आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। समग्र शिक्षा के अपने मिशन पर कायम रहते हुए, केकेएमयू ने सैंक्टम के संस्थापकों लुक मेलिस, पूर्व डच पेशेवर नर्तक और फिटनेस गुरु और गेब्रियल ओल्स्ज़ेव्स्की के साथ मिलकर एक प्रयास किया। सैंक्टम द्वारा आयोजित सत्र में उच्च तीव्रता के अभ्याओस को सजगता और अभिव्युक्ति अभियान के साथ जोड़ा गया, जिसका छात्रों और शिक्षकों दोनों पर एक स्थायी प्रभाव पड़ा। केके मोदी यूनिवर्सिटी की संस्थापक और चांसलर चारू मोदी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हम अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक शिक्षा से परे जाने में विश्वास करते हैं। यह केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के बारे में ही नहीं, बल्कि हमारे छात्रों को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने के बारे में भी है। सैंक्टम द्वारा आयोजित 50 मिनट का अनोखा सत्र यूनिवर्सिटी के युवा छात्रों की क्षमता को उजागर करने के लिए बनाया गया था। 300 से अधिक प्रतिभागियों को हेडफोन पर इमर्सिव ब्रीदिंग एक्सरसाइज, डायनेमिक मूवमेंट और लयबद्ध कहानी सुनाने के माध्यम से निर्देश दिए गए। जो सभी एक इलेक्ट्र विद्युतीय साउंडट्रैक पर सेट थे। इस दौरान प्रतिभागी एमबीए की चारू जैन ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह सत्र वास्तव में मेरे लिए जीवन बदलने वाला अनुभव था। यात्रा के दौरान मैंने खुद के साथ एक गहरा संबंध महसूस किया, और इसने मुझे आध्यात्मिक जागृति की भावना दी जो मैंने पहले कभी अनुभव नहीं की थी। यह एक ऐसा अनुभव है जिसे मैं जीवन भर अपने साथ रखूंगी। सैंक्टम के संस्थापक लूक मेलिस ने इस अनुभव को साझा करते हुए कहा कि केके मोदी यूनिवर्सिटी में ऊर्जा और उत्साह दिखाई दिया।

## छत्तीसगढ़ का पहला माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन सेंटर रुंगटा कॉलेज आर 1 में शुरू

# दुनिया के हर कोने से सॉफ्टवेयर डेवलपर्स आएंगे छग, टेक्नोक्रेट्स को मिलेगा माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्यम नडेला से मिलने का मौका

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** पूरी दुनिया को विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम से जोड़ने वाली कंपनी माइक्रोसॉफ्ट अब छत्तीसगढ़ के टेक्नोक्रेट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ क्लाउट कंप्यूटिंग की नई टेक्नोलॉजी सिखाएगी। मंगलवार को भिलाई के रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में माइक्रोसॉफ्ट ने अपने सर्टिफिकेशन सेंटर की स्थापना कर दी है। आने वाले कुछ महीनों में माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से माइक्रोसॉफ्ट लर्न इमेजिन कप परीक्षा कराई जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के होनहार टेक्नोक्रेट्स भी हिस्सा लेंगे। परीक्षा के विजेता छात्रों को माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्यम नडेला से मिलने का मौका मिलेगा। इससे पहले कंपनी की तरफ से एआई, मशील लर्निंग, डाटा साइंस जैसी सभी फील्ड के एक्सपर्ट इस सेंटर में आकर कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों के विशेष सेशन लेंगे। अमरीका से लेकर दुनिया के हर कोने में स्थापित माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर डेवलपर्स छत्तीसगढ़ आएंगे। खास बात यह है कि, माइक्रोसॉफ्ट छत्तीसगढ़ के कंप्यूटर साइंस विद्यार्थियों को इमेजिन कप परीक्षा की फीस में भारी भरकम छूट देगा।




### माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन सेंटर की शुरुआत

रूंगटा कॉलेज में माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन सेंटर के उद्घाटन सत्र में कंपनी के नोएडा स्थित माइक्रोसॉफ्ट इंडिया कार्यालय से सीनियर कंसलटेंट राजेश पंचाल और साकेत कुमार शामिल हुए। उन्होंने कॉलेज में माइक्रोसॉफ्ट की सबसे बड़ी अजयोर डेवलपमेंट कम्युनिटी की भी शुरुआत की। माइक्रोसॉफ्ट की ओर से भेजा गया संदेश कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों को सुनाया गया। इसके अलावा दोनों सीनियर कंसलटेंट ने माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड टेक्नोलॉजी की हैंड्सऑन ट्रेनिंग भी दी। कंसलटेंट ने बतााया कि माइक्रोसॉफ्ट अजयोर कम्युनिटी के जरिए छत्तीसगढ़ के टेक्नोक्रेट्स सीधे तौर पर दुनिया की शीर्ष कंपनी के साथ सीधे जुड़ सकेंगे। इस सर्टिफिकेशन सेंटर से विद्यार्थियों को नई प्रोग्रामिंग टेक्नोलॉजी से भी रूबरू होने का मौका मिलेगा।

### भिलाई में होंगे माइक्रोसॉफ्ट के इवेंट्स

माइक्रोसॉफ्ट अजयोर कम्युनिटी की स्थापना के बाद अब छत्तीसगढ़ व भिलाई देश-दुनिया में पहचान बनाएगा। माइक्रोसॉफ्ट के टेक्नीकल इवेंट्स भिलाई में होंगे। इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट के 3 महीने से एक साल के सर्टिफिकेशन कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर और आईटी कंपनियों की नौकरियों में प्राथमिकता मिल सकेगी। इससे उनकी सैलरी ग्रोथ में जबरदस्त इजाफा हो सकेगा। माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन को दुनियाभर में कीमती समझा जाता है। ऐसे में इस कीमती सर्टिफिकेशन कोर्स और माइक्रोसॉफ्ट अयजोर डेवलपमेंट कम्युनिटी से छत्तीसगढ़ के इंजीनियरिंग विद्यार्थी भी जुड़ सकेंगे। माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन सेंटर और अजयोर डेवलपमेंट कम्युनिटी भिलाई की स्थापना के कार्यक्रम में रूंगटा आर-1 ग्रुप के चेयरमैन संतोष रूंगटा, डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, सोनल रूंगटा, डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया, डॉ. एडविन एंथोनी डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. मनोज वर्गीस और डॉ. संजीव शुक्ला मौजूद रहे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर स्टेट सब जूनियर एवं कैडेट राष्ट्रीय टेटे के लिए छत्तीसगढ़ टीम घोषित



**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा इंदौर (मध्य प्रदेश) में 30 जनवरी से 07 फरवरी 2025 तक 86वीं इंटर स्टेट सब जूनियर एवं कैडेट राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें 30 जनवरी से 2 फरवरी तक होप्स (अंडर-11) बालिका एकल, कैडेट (अंडर-13) बालिका एकल/युगल वर्ग एवं सब जूनियर (अंडर-15) बालिका टीम/एकल/युगल वर्ग तथा 4 फरवरी से 7 फरवरी तक होप्स (अंडर-11) बालक एकल, कैडेट (अंडर-13) बालक एकल/युगल वर्ग एवं सब जूनियर (अंडर-15) बालक टीम/एकल/युगल वर्ग की प्रतियोगिता होगी। उक्त प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के होप्स, कैडेट एवं सब जूनियर (बालक एवं बालिका) टीम की घोषणा की गयी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कि होप्स, कैडेट एवं सब जुनियर बालिका टीम मंगलवार को रवाना हुयी तथा होप्स, कैडेट एवं सब जूनियर बालक टीम दिनाक 02 फरवरी को रवाना होगी। टीम के कोच एम. रविराज (दुर्ग) एवं मैनेजर श्रीमती अपर्णा पांडे (रायपुर) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए अजीत बेनर्जी (रायपुर), आकाश श्रीवास्तव (बिलासपुर), प्रिया चावड़ा (रायपुर) एवं नागेश्वर साहू (रायपुर) को चुना गया है। टीम में सब जूनियर बालिका (अंडर-15) :- आहना सिंह (रायपुर), समाया पांडे (रायपुर), तिशा हरडेल (दुर्ग), सिया मेघानी (बिलासपुर), कैडेट बालिका (अंडर-13):- समाया पांडे (रायपुर), लावण्या पांडे (रायपुर), वेदी कच्छवाहा (रायपुर), अक्षिता बीनू (बिलासपुर), होप्स बालिका (अंडर-11):- अक्षिता बीनू (बिलासपुर), आरुषी मढ़रिया (दुर्ग), सब जूनियर बालक (अंडर-15) :-आर्यन कुमार सिंह (रायपुर), दीक्षांत कुमार जांगड़े (बिलासपुर), श्रेष्ठ मिश्रा (रायपुर), तेजस जादवानी (रायपुर) कैडेट बालक (अंडर-13) :- दीक्षांत कुमार जांगड़े (बिलासपुर), कवीश काला (रायपुर), राजदीप गांगुली (बिलासपुर), शिखर बागड़े (दुर्ग), होप्स बालक (अंडर-11):- अथर्व साहू (दुर्ग), तुषार सोना (दुर्ग) शामिल हैं। इस अवसर पर पदाधिकारी विनय बैसवाड़े, प्रदीप जोशी और रजनीश ओबेराय सहित सभी पदाधिकारियो ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी।

### रामकिशोर सारडा मेमोरियल अंडर 15 द्वितीय फुटबॉल टूर्नामेन्ट शुरू

**रायपुर।** आर. के सारडा विद्या आश्रम रायपुर में



श्री रामकिशोर सारडा मेमोरियल अंडर-15 चार दिवसीय फुटवॉल टूर्नामेन्ट का शुभारम्भ मंगलवार को हुआ। जिसमें छः टीमो ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुश्ताक अली प्रधान, प्रियंका फूटान व प्रधानाचार्य अमरकांत मिश्र ने समेकित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर खेल का शुभारम्भ किया। इसीके साथ पहला मैच डीपीएस रायपुर व जीडी गोयनका इन्टरनेशनल स्कूल, दूसरा मैच एमएम इन्टरनेशनल स्कूल व ब्राइटन इन्टरनेशनल स्कूल और तीसरा मैच आरडी तिवारी स्कूल व भवंस आर.के. सारडा विद्या मंदिर बी टीम के बीच खेला गया, जिसमें क्रमशः डीपीएस रायपुर 9-0, एमएम इन्टरनेशनल स्कूल 2-1 व आरडी तिवारी स्कूल 7-0 की टीम विजयी रहीं। प्रतियोगिता के आगामी मैच 29 , 30 व31 जनवरी को खेले जाएँगे।

### एसपीएसबी क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए बीएसपी क्रिकेट टीम हेतु चयन आज

**भिलाई।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा बोकारो में 11 से



15 फरवरी 2025 तक एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बीएसपी क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस, भिलाई में 29 जनवरी 2025 को दोपहर 2:30 बजे से बीएसपी टीम के चयन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गई है। भिलाई इस्पात संयंत्र के पुरुष कार्मिक, उनके वार्ड एवं भिलाई नगर परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। अतः जिन खिलाड़ियों को चयन स्पर्धा में भाग लेना है, वे अपना पंजीयन 29 जनवरी 2025 को दोपहर 2:00 बजे तक उपरोक्त मैदान में चयनकर्ताओं देवेश बनर्जी और व्ही मोहन दास के पास करा सकते हैं। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) अभिजीत भौमिक होंगे।

महिलाओं की सेहत में संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान

# महिलाओं के आहार में जरूर होने चाहिए तीन पोषक तत्व, कई बीमारियों से मिलेगी पूरी सुरक्षा

महिलाओं की अच्छी सेहत के लिए संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सही और पौष्टिक आहार न केवल ऊर्जा प्रदान करते हैं बल्कि महिलाओं को उनके विभिन्न जीवन चरणों (जैसे मासिक धर्म, गर्भावस्था, स्तनपान और रजोनिवृत्ति) के दौरान बीमारियों से बचाए रखने में भी मदद करते हैं।

अच्छी सेहत के लिए स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन बहुत आवश्यक माना जाता है। जब बात महिलाओं के सेहत की हो तो ये और भी आवश्यक हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, महिलाओं में मासिक धर्म चक्र आदि के कारण आयरन की कमी और एनिमिया का खतरा अधिक रहता है। इसके अलावा हार्मोनल परिवर्तन के कारण हड्डियों, डायबिटीज और हृदय स्वास्थ्य की समस्याएं भी अधिक देखी जाती हैं। इन सभी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए कम उम्र से ही खान-पान में सुधार करना बहुत आवश्यक हो जाता है।

महिलाओं की अच्छी सेहत के लिए संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सही और पौष्टिक आहार न केवल ऊर्जा प्रदान करते हैं बल्कि महिलाओं को उनके विभिन्न जीवन चरणों (जैसे मासिक धर्म, गर्भावस्था, स्तनपान और रजोनिवृत्ति) के दौरान बीमारियों से बचाए रखने में भी मदद करते हैं। महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए कुछ खास विटामिन्स, खनिजों और पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है।



### अच्छी सेहत के लिए खान-पान रखें ठीक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, महिलाओं को अपने आहार में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए जिससे शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक रखा जा सके। अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक आहार के सेवन के साथ नियमित व्यायाम और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना भी जरूरी है। 20 की उम्र से ही दैनिक आहार में कुछ पोषक तत्वों को जरूर शामिल करें। आइए जानते हैं कि आपकी अच्छी सेहत के लिए कौन-कौन से पोषक तत्व सबसे जरूरी हैं। कैल्शियम आपकी हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। खासकर, रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में हड्डियों का घनत्व कम होने लग जाता है।

### एनीमिया से बचने के लिए जरूरी है आयरन

आयरन महिलाओं के लिए खासतौर पर जरूरी है क्योंकि मासिक धर्म के दौरान शरीर में आयरन की कमी हो सकती है। आयरन की कमी से एनीमिया होने का खतरा रहता है। आयरन हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन बनाने में मदद करता है जिसकी मदद से सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचता है। जिन लोगों में आयरन की कमी होती है उन्हें थकान और कमजोरी सहित कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।



आयरन की कमी को दूर करने के लिए हरी सब्जियां (जैसे ब्रोकली, पालक), अनार, चुकंदर और सेब जैसे फल, मांस और मछली के साथ नट्स का सेवन करें।

### फोलिक एसिड बहुत जरूरी

फोलिक एसिड गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भ्रूण के विकास और न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट्स को रोकने में मदद करता है। फोलिक एसिड नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण भी करता है। ये बच्चे में मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के विकास के लिए जरूरी है। महिलाओं में हार्मोनल संतुलन बनाए रखने और कमजोरी दूर करने के लिए ये पोषक तत्व महत्वपूर्ण है। फोलिक एसिड प्राप्त करने के लिए संतरे, केले जैसे फल और हरी पत्तेदार सब्जियां खाएं। दालें और बीन्स के साथ अंडे और मछली को भी आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं को रोजाना 1,000 से 1,200 मिलीग्राम कैल्शियम की आवश्यकता होती है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कहता है कि 30% से अधिक महिलाओं में आयरन की कमी पाई जाती है।



## मसल्स वाली बॉडी बनाना मुश्किल नहीं, बस ठान लीजिए

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष सिर्फ हां में ही जवाब देंगे। लेकिन कितने पुरुषों को इसका सही तरीका पता है? हो सकता है सबको सही तरीका पता हो, लेकिन इसके साथ किन गलतियों को करने से बचना है, वो न पता हो। जी हां अक्सर पुरुष मसल्स ग्रोथ करने की कोशिश में कुछ गलतियां कर बैठते हैं। ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।

### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे। दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है

### भारी वजन के ज्यादा रैप्स



याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें।

लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

### रिकवरी है जरूरी



याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं। इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।

### एक ही मोशन की आदत है गलत

आपकी मसल्स को अगर एक ही तरह की एक्सरसाइज कराई जाती रहेगी तो इसको इसकी आदत पड़ जाएगी। इस आदत के चलते मसल्स ग्रोथ कम होने लगेगी। इसलिए जरूरी है कि आप मशीनों में हर कुछ दिन में बदलाव करते रहें। या फिर रैप्स की स्पीड और संख्या में भी बदलाव किए जा सकते हैं। कार्डियो एक्सरसाइज जरूरी तो हैं लेकिन इनको सीमा से ज्यादा कर लेना भी सही नहीं है।

## बगैर तंदूर के भी बनाई जा सकती है नान और तमाम व्यंजन, ये जुगाड़ आएगा काम

अगर आप तंदूरी खाने के शौकीन हैं, तो हम आपके लिए ऐसा जुगाड़ लेकर आए हैं जिनकी मदद से घर पर परफेक्ट तंदूर तैयार किया जा सकता है। बस आपको हमारे बताए गए स्टेप्स को फॉलो करना होगा।

घर पर तंदूरी खाना तो आपने खूब ऑर्डर करके खाया होगा। यकीनन बाहर भी आप तंदूरी फूड ऑर्डर करके खाते होंगे, लेकिन क्या आपने कभी घर में तंदूर बनाया है? अगर नहीं, तो एक बार जरूर बनाएं क्योंकि अब इसके लिए आपको तंदूर खरीदने की कोई जरूरत नहीं है और न ही आवन खरीदने की जरूरत है।

जी हां, हम आपके लिए ऐसा जुगाड़ लेकर आए हैं, जिनकी मदद से न सिर्फ तंदूर तैयार कर सकते है बल्कि इसमें स्वादिष्ट व्यंजन भी बना सकता है। हालांकि, आपको घर के बने तंदूर का खाना बनाने में एक बात खास ध्यान देने वाली होती है कि खाना लकड़ी मैं पकाया जा रहा है या फिर कोयले में।

वैसे तो बेहतर होगा कि आप लकड़ी का इस्तेमाल करें, इससे खाने का अलग ही स्वाद आता है। तो देर किस बात की आइए विस्तार से जानते हैं कि आप कैसे घर पर होममेड तंदूर तैयार कर सकते हैं।

### घर पर कैसे बनाएं तंदूर?

वैसे तो आप लकड़ी और मिट्टी दोनों तरीके से तंदूर तैयार कर सकते हैं। हालांकि, इन दोनों ही तंदूर को बनाने के लिए काफी मेहनत की जरूरत होती है। वैसे तो हमारा जुगाड़ ऐसा है कि आप कुछ ही मिनट में घर पर तंदूर तैयार कर सकते हैं। जी हां, आपको बस खाली पड़ा गमला चाहिए होगा। सबसे पहले गमले को अच्छी तरह से साफ करें। फिर अच्छी तरह से धोकर गमले को सूखने के लिए रख दें। अब



मिट्टी वाली जगह पर गमले को रखें। इसके अंदर आग जलाने के लिए लकड़ी या फिर कोयले का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### डेक वुड का कर सकते हैं इस्तेमाल

आप तंदूर में आग लगाने के लिए डेक वुड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब तंदूर में इस लकड़ी को डालकर खाना पकाया जाता है तब इसका स्वाद ही नहीं बल्कि महक भी खाने में आ जाती है और इस वजह से खाने का जायका बदल जाता है। लोगों को तंदूरी चिकन या पनीर का स्वाद यहां इसलिए अलग लगता है और अपनी तरफ खींच लाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां का तंदूरी खाना डेक वुड में बनता है। अब आप अगर घर पर तंदूर में खाना पकाते हैं तो फिर आप अब से इस खास लकड़ी में ही खाना पकाएं, क्योंकि इसका स्वाद खाने को और भी ज्यादा अच्छा बना देगा। एक बाउल में मैदा, गेहूं का आटा, नमक, खमीर, दूध और घी डालकर गर्म पानी से आटा गूंथ लें। आटे को 30 मिनट के लिए रेस्ट करने दें, ताकि ये सेट हो जाए। अब एक पैन में मक्खन डालें और धीमी आंच पर गर्म करें।

## क्या 13 नंबर सच में अशुभ होता है?

कई बार किसी नंबर के लिए हमारी कोई धारणा होती है और उसे हम सच मान लेते हैं। ऐसे ही 13 नंबर को लेकर कई भ्रांतियां हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानें।

हमारे धर्म शास्त्रों में कई ऐसी बातें बताई गई हैं जिनका पालन जरूरी माना जाता है। ऐसे ही कई लोगों का मानना है कि 13 नंबर शुभ नहीं माना जाता है। दरअसल इसी मान्यता की वजह से आपने देखा होगा कि कई होटल में 13 नंबर का कमरा नहीं होता है, कई अपार्टमेंट में इस नंबर की फ्लोर नहीं होती है और लिफ्ट में 13 नंबर की बटन नहीं होती है। दरअसल सदियों से इस नंबर को शुभ नहीं माना जाता है। लेकिन क्या ऐसा सच है कि नंबर 13 अशुभ है और इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए? क्या 13 नंबर के इस्तेमाल से आपको नुकसान हो सकते हैं? क्या यह नंबर आपके जीवन में कई नकारात्मक बदलाव ला सकता है? इन सभी सवालों के जवाब जानने के लिए हमने ज्योतिषविद प्रद्युम्न सूरी से बात की। आइए उनसे जानें इसके पीछे की सच्चाई के बारे में जो शायद आपकी सोच भी बदल सकती है।



### क्या 13 नंबर अशुभ है?

अंक शास्त्र की मान्यताओं के अनुसार विभिन्न देशों में 13 अंक को लंबे समय से अशुभ माना जाता रहा है। हालांकि यदि हम इस नंबर के शुभ-अशुभ फलों की बात करें तो ऐसा कहना गलत है कि यह नंबर शुभ नहीं है। हाल ही में अयोध्या के राम मंदिर में मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा 22-01-2024 को की गई है। अगर हम अंक ज्योतिष की बात मानें तो प्राण-प्रतिष्ठा के दिन के सभी अंकों का योग 13 है। हालांकि इसका एकल अंक 4 मिलता है।

कार्नर न्यूज

पेट की गड़बड़ी का सीधा संबंध है आपके आचार-विचार का

# अक्सर बनी रहती है कब्ज-पाचन की दिक्कत तो कहीं ज्यादा तनाव तो नहीं ले रहे हैं आप

आहार में गड़बड़ी के कारण पाचन की समस्या जैसे कब्ज-अपच होना काफी सामान्य है। पर क्या आपको अक्सर ही इस तरह की दिक्कत बनी रहती है? अगर हां तो इस बारे में किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। कब्ज की लंबे समय तक बनी रहने वाली दिक्कत कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए आवश्यक है कि आपका पाचन ठीक रहे, इसमें लंबे समय तक बनी रहने वाली किसी भी दिक्कत पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि पाचन समस्याओं और कब्ज की दिक्कत के क्या कारण हो सकते हैं, कहीं ये शरीर में किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं है?

### आहार से संबंधित समस्याएं

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन-कब्ज की अधिकतर समस्याएं आहार में गड़बड़ी से संबंधित होती हैं। ज्यादा तैलीय, हाई फैट वाली चीजें कब्ज पैदा कर सकते हैं। डेयरी उत्पाद, अंडे, गरिष्ठ मिठाइयों का अधिक सेवन भी समस्याकारक माने जाते हैं। यदि आप इन चीजों का सेवन करते हैं तो पाचन को ठीक रखने के लिए अपने भोजन में भरपूर मात्रा में फाइबर युक्त



सब्जियां और साबुत अनाज को भी शामिल करें। ये चीजें कब्ज-अपच की दिक्कतों से बचाने में मददगार हो सकती हैं।

### कहीं आप भी तो नहीं ले रहे बहुत ज्यादा तनाव?

ज्यादा तनाव और चिंता की समस्या को शरीर में कई प्रकार की दिक्कतों को बढ़ाने वाला पाया गया है। इससे न सिर्फ रक्तचाप और हृदय गति बढ़ सकती है साथ ही अक्सर तनाव की समस्या कब्ज के भी जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। तनाव की स्थिति उन मांसपेशियों को प्रभावित करती है जो आपके शौच जाने के तरीके को नियंत्रित करती हैं। अक्सर बनी रहने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण गंभीर पाचन की दिक्कतों का खतरा हो सकता है।

कई और गंभीर रोगों का हो सकती है संकेत

कब्ज-पाचन की अक्सर बनी रहने वाली समस्याओं के कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी कारण हो सकते हैं। ऐसी स्थितियां जो आपके मस्तिष्क और रीढ़ को प्रभावित करती हैं- जैसे पार्किंसंस रोग, रीढ़ की हड्डी की क्षति या मस्तिष्क की चोटें भी आपके पाचन को प्रभावित करने वाली हो सकती है। मधुमेह और थायरॉयड ग्रंथि की समस्याएं भी पाचन विकारों का कारण हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर लंबे समय तक आपको कब्ज या पाचन की दिक्कत रहती है तो डॉक्टर की सलाह लेकर जांच जरूर कराएं।

### उम्र के साथ होने वाली दिक्कत

डॉक्टर बताते हैं, जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, कब्ज होने की दिक्कत भी अधिक होती जाती है। ऐसा आंशिक रूप से इसलिए होता है क्योंकि आप उम्र बढ़ने पर कम सक्रिय हो सकते हैं और मेटाबॉलिज्म की दिक्कतें भी बढ़ने लग जाती हैं। पाचन की दिक्कतों से दूर रहने के लिए आहार और जीवनशैली में बदलाव के बारे में अपने डॉक्टर की सलाह जरूर लें, जो बुढ़ापे के साथ आपको नियमित रहने में मदद कर सकती हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## इंटरस्टेलर का भारत में दिख रहा क्रेज, री-रिलीज से पहले बिके एक लाख से ज्यादा टिकट



क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इंटरस्टेलर' एक बार फिर भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस बार फिल्म को आईमैक्स में भी रिलीज किया जाएगा। इसकी वापसी को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक फिल्म के एक लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, ₹एक लाख+ टिकट बिक चुके हैं और गिनती जारी है! अंतरिक्ष और समय के सफर की यात्रा जारी है।₹ इंटरस्टेलर की कहानी उस भविष्य के समय पर आधारित है जब पृथ्वी इंसानों के रहने के लिए अयोग्य हो जाती है। इसके बाद फिल्म के मुख्य पात्र जोसेफ कूपर (मैथ्यू मैककोनाहे) और उनकी टीम अंतरिक्ष में एक नया ग्रह खोजने के लिए रवाना होते हैं। इसमें ऐनी हैथवे, जेसिका चैस्टेन जैसे सितारे भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म 7 फरवरीको भारत में सात दिनों के लिए विशेष रूप से रिलीज की जा रही है। यह फिल्म न केवल दर्शकों को अपनी शानदार कहानी और दृश्यात्मक प्रभावों से आकर्षित करने की कोशिश करेगी, बल्कि इस बार दर्शकों को आईमैक्स वर्जन में इसका और भी शानदार अनुभव मिलेगा।

### टॉलीवुड

## अल्लू की अगली फिल्म पर आया अपडेट क्या पौराणिक कथा पर आधारित होगी ?



अल्लू अर्जुन की 22वीं फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। आइए जानते हैं कि उनकी इस फिल्म को लेकर क्या अटकलें चल रही हैं। अल्लू अर्जुन हाल ही में 'पुष्पा 2 द रूल' में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने अपने दमदार अभिनय से लोगों का दिल जीत लिया। अब उनकी आगामी फिल्मों को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। कुछ रिपोर्ट्स से यह संकेत मिल रहे हैं कि अल्लू अर्जुन और निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास फिर से एक साथ काम कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि इस बार उनकी फिल्म हिंदू पुराणों पर आधारित हो सकती है। हालांकि, इसको लेकर कोई भी आधिकारिक एलान अब तक नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्लू अर्जुन को इस फिल्म में भगवान कार्तिकेय पर आधारित किरदार निभाने का मौका मिल सकता है। इस फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा और यह एक सामाजिक-पुराणिक फैंटेसी फिल्म हो सकती है। अगर यह फिल्म सचमुच बनती है तो यह त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ अल्लू अर्जुन की यह चौथी फिल्म होगी। दोनों ने साल 2012 में 'जुलाई' फिल्म से साथ काम करना शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने सन ऑफ सत्यमूर्ति और अला वैकुंठपुरमुलु जैसी हिट फिल्मों में भी साथ काम किया। त्रिविक्रम और अल्लू अर्जुन की जोड़ी हमेशा से ही सुपरहिट रही है। दर्शकों को दोनों की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है।अल्लू अर्जुन की हालिया रिलीज फिल्म की बात करें तो पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच चुकी है। इस फिल्म ने 54 दिनों में 1232.44 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म अब भी सिनेमाघरों में मजबूती से टिकी हुई है। जल्द ही यह फिल्म ओटीटी पर भी दस्तक देने वाली है। हालांकि, हिंदी भाषी दर्शकों को इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।

### छॉलीवुड

## पारिवारिक फ़िल्म "दूल्हा राजा" अब यू-ट्यूब पर धूम मचा रही



बीते साल की सुपरहिट छत्तीसगढ़ी परिवारिक फ़िल्म "दूल्हा राजा" अब यू-ट्यूब पर भी धूम मचा रही है। इंटरनेट प्लेटफार्म पर रिलीज होते ही दो दिन के भीतर 3 लाख 14 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे देख लिया है और यह तादाद बढ़ती जा रही है। एसआरके म्यूजिक सीजी के यूट्यूब चैनल पर 26 जनवरी सुबह 7 बजे इस फिल्म को अपलोड किया गया था। इसके बाद से घरेलू मनोरंजन और शिक्षाप्रद इस फिल्म को देखने लोग उमड़ पड़े हैं। प्रतिष्ठित संस्थान अरण्य सिनेमा के बैनर तले दुल्हा राजा फिल्म के लेखक, निर्देशक, निर्माता और अभिनेता राज वर्मा की इस फिल्म ने पिछले साल सिनेमाघरों में लोगों का खूब मनोरंजन किया था। फिल्म की कहानी छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित है और उसमें एक मुख्य प्रेम कथा चलती रहती है और उसके इर्द= गिर्द दहेज मांगने,लेने -देने पर कटाक्ष किया गया है। फिल्म में डिजिटल वीडियोग्राफी का इस्तेमाल किया गया है। फिल्म छत्तीसगढ़ में ही कई लोकेशन पर फिल्माई गई है। जो कि खूबसूरत नजर आते हैं। फिल्म में अभिनेत्री के रूप में लीड रोल में काजल सोनबेर ने काम किया है। वहीं करीब 12 साल के बाद लीड विलेन बाली सिंह के रुप के रूप में अभिनेता मनमोहन ठाकुर ने इसमें अपनी अलग छाप छोड़ी है। फिल्म में अन्य मुख्य भूमिकाओं में प्रदीप शर्मा,उपासना वैष्णव, संजय महानंद, हेमलाल कौशल, शैलेंद्र भट्ट, राखी सिंह,दिव्या नागदेव,क्रांति दीक्षित,सोहेल खान,अंशु मानिकपुरी,राजू शर्मा और अनुराधा दुबे इत्यादि ने काम किया है।

### फैशन में भारतीयता

लाइफ स्टाइल



भारत की विविध रचनात्मक प्रतिभा का जश्न मनाने के लिए नोएडा में डिज़ाइन किए गए भारत डिज़ाइन शो ने वैश्विक फैशन रुझानों को भी भारतीय मंच पर पेश किया। इस कार्यक्रम में दिखाए गए कलेक्शन में जेन जेड से प्रेरित कैज़ुअल वियर से लेकर अवंत-गार्डे, फ्यूचरिस्टिक डिज़ाइन तक शामिल किए गए। इस शो में अभिनेत्री और मॉडल ज़ोया अफ़रोज़ ने शोस्टॉपर के रूप में रनवे की शोभा बढ़ाई।

## जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर बन सकता है परेशानी का सबब



अपनी स्किन की जरूरतों के अनुसार आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर अप्लाई करते हैं तो इससे आपकी स्किन को कुछ नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। अगर आप अपनी स्किन को हाइड्रेट करने के चक्कर में जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपकी स्किन के पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। चूंकि विंटर में हम सभी थिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो ऐसे में यह संभावना और भी ज्यादा बढ़ जाती है।

अगर आप ऐसे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें कॉमेडोजेनिक इंग्रीडिएंट्स हैं तो ऐसे में आपको ब्रेकआउट्स व अन्य स्किन प्रोब्लम्स हो सकती हैं। आजकल मार्केट में मिलने वाली अच्छी क्वालिटी के ब्रांडेड प्रोडक्ट काफी महंगे होते हैं। ऐसे में जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो इस तरह आप अपने प्रोडक्ट को ही बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में आपकी जेब पर भी अतिरिक्त जोर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आपकी स्किन केवल एक निश्चित मात्रा तक ही मॉइश्चराइजर को अब्जॉर्ब कर सकती है।

अगर आप उससे अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो यह पूरी तरह से वेस्ट हो जाएगा। कई बार हम सोचते हैं कि ठंड में स्किन बहुत अधिक रूखी है तो ऐसे में बहुत अधिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे स्किन आसानी से अब्जॉर्ब कर लेगी। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। जब आप बहुत अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो इससे आपकी स्किन अधिक चिकनी व चिपचिपी महसूस हो सकती है। इससे आपको अनकंफर्टेबल भी फील हो सकता है। अगर आप फेस पर अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो इससे आपको मेकअप करने में भी परेशानी आ सकती है।

## सर्दियों में साड़ी पहनते समय अपनाएं ये ट्रिक्स, नहीं लगेगी ठंड






सर्दियां शुरू हो गयी है। सर्दियां लगभग सबको पसंद होती है। इस मौसम में शादी पार्टी का मज़ा ही कुछ और होता है लेकिन ज्यादा ठंड महिलाओं के लिए मुसीबत बन जाती हैं क्योंकि सर्दी के मौसम में महिलाएं शादी के मौके पर खुद को स्टाइल नहीं कर पातीं। दरअसल, महिलाएं महंगे और स्टाइलिश एथनिक या पार्टी वियर कपड़े पहनती हैं लेकिन ठंड बढ़ने के कारण उन्हें स्वेटर या कोट आदि को ऊपर से कैरी करना पड़ता है।

ऐसे में उनकी खूबसूरत ड्रेस स्वेटर के नीचे छिप जाती है। इसके अलावा अगर वह विंटर वियर नहीं पहनती तो ठंड और ठिठुरन से परेशान रहती हैं। ऐसे में सारा फैशन बेकार हो जाता है। इसलिए सर्दियों में किसी कार्यक्रम पर साड़ी पहनने वाली महिलाओं को फैशन के मामले में सबसे अधिक परेशानी होती है। आज हम आपको सर्दियों में शादी सीजन के लिए कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताएंगे, जिसे आजमा कर आप साड़ी को स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती हैं और आपको ठंड से भी बच सकती हैं। तो चलिए जानते हैं सर्दियों में बिना स्वेटर के साड़ी पहनने के टिप्स और ट्रिक्स।

### फुल स्लीव्स ब्लाउज पहनें

ठंड से बचने के लिए आप ब्लाउज स्टाइल का चयन करते समय ध्यान रखें कि ब्लाउज फुल स्लीव्स के हों। फुल स्लीव्स ब्लाउज फैशन के मुताबिक भी ट्रेंड में हैं। कई मौकों पर अभिनेत्रियों को पूरे बाजू वाले ब्लाउज में देखा जा चुका है।

### लांग ब्लाउज कैरी करें

साड़ी के साथ लॉन्ग ब्लाउज भी पहन सकती हैं। लॉन्ग ब्लाउज का फैशन हमेशा रहता है। इस तरह के ब्लाउज के नीचे आप इनर या बॉडी वार्मर पहन सकती हैं।

### इंडो वेस्टर्न साड़ी पहने

सर्दी के मौसम में आप इंडो वेस्टर्न साड़ी कैरी कर सकती हैं। ये एथनिक लुक को मॉडर्न टच देने के साथ ही ठंड से भी बचाएंगी। इसमें आप पैंट स्टाइल साड़ी पहन सकती हैं।

## बेहद खास हैं मेकअप लुक्स आप भी कर सकते हैं क्रिएट



मेकअप करने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन टाइप का खास ध्यान रखें और फिर अपने लिए बेस्ट लुक को चूज करें। मेकअप करना हम सभी को काफी पसंद होता है और इसके लिए हम रोजाना मेकअप करके ऑफिस या फिर कहीं बाहर घूमने निकलते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि हम किसी पार्टी में जाने के लिए तैयार होते हैं और उसके लिए बॉलीवुड की अलग-अलग एक्ट्रेस के मेकअप लुक्स को रीक्रिएट करते हैं, ताकि इन एक्ट्रेस की तरह हम भी खूबसूरत नजर आए। शहनाज गिल को भी काफी लोग पसंद करते हैं इसलिए जब भी वो सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट शेयर करती हैं तो उसे देखना जरूर पसंद करते हैं।

### ग्लॉसी मेकअप लुक

नाइट पार्टी में जाना हम सभी को काफी पसंद होता है। इसके लिए आप एक्ट्रेस शहनाज गिल के इस गोल्ड ग्लिटर मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इससे स्किन ग्लॉसी और शाइनी लगती है साथ ही एक अलग सी चमक नजर आती है। इसके लिए आपको बेस को गोल्ड में रखना होगा और आंखों को ग्लिटर से हाइलाइट। लिपस्टिक में आप लाइट न्यूड ब्राउन शेड चूज कर सकती हैं। शहनाज गिल के इस मेकअप लुक को Sachin Salvi द्वारा क्रिएट किया गया है। आप इसे घर पर रखे मेकअप प्रोडक्ट के इस्तेमाल से मिनटों में क्रिएट कर सकती हैं।

### बोल्ड रेड मेकअप लुक

अगर आपको रेड कलर पसंद है या फिर आप शहनाज गिल की तरह इस तरीके के आउटफिट्स को (शहनाज गिल के हेयर स्टाइल) स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आप बोल्ड रेड मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं।

## जानिए हेयर सीरम लगाने का सही तरीका



बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए नियमित हेयर केयर रूटीन के अलावा कुछ प्रोडक्ट के सपोर्ट की जरूरत भी पड़ती है जैसे, हेयर सीरम। हेयर सीरम बालों की समस्याओं से काफी हद तक आपको बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए इस आर्टिकल में मैं बताऊंगा कि हेयर सीरम क्या है? इसके साथ ही आप हेयर सीरम की जरूरत, काम करने, लगाने के तरीके ही हेयर सीरम के फायदों के बारे में भी जान पाएंगे।

### हेयर सीरम कैसे लगायें?

बालों को धोने के बाद गीले बालों पर लगाएं, बालों को ब्लो ड्राई करने से पहले लगाएं, हेयर सीरम को ऑयली स्कैल्प पर न लगाएं , हेयर सीरम को ज्यादा न लगाएं, बिना धुले बालों पर न लगाएं

### बाल क्यों टूटते हैं?

बालों के टूटने का कारण जानने से पहले बालों की संरचना के बारे में जानना भी जरूरी है। बाल के हर रेशे के भीतर 3 परतें होती हैं। क्यूटिकल, मेडुला कॉरटेक्स

पर्यावरण के प्रभावों और ज्यादा गर्मी में रहने के कारण बालों की सबसे बाहरी परत यानी क्यूटिकल को नुकसान पहुंचता है। क्यूटिकल को नुकसान पहुंचते ही भीतरी परत मेडुला बाहर निकल आती है। इसकी वजह से बालों में रूखे होकर टूटने, दोमुंह बालों, उलझने और टूटने की समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

### हेयर सीरम क्या है?

हेयर सीरम एक लिक्विड बेस्ड ट्रीटमेंट है, जिसे आमतौर पर ऑयल और सिलिकॉन्स से बनाया जाता है। तेल और सिलिकॉन मिलकर बालों के ऊपर एक सुरक्षा परत बना लेते हैं, जिससे बालों को उलझने से बचाया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से बाल मुलायम, चिकने और चमकदार रहते हैं।

कार्नर न्यूज

### आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक, अच्छी ड्रेसिंग से मिलेगा आपको

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए चाहिए स्टाइलिश और मिनिमल लुक तो फॉलो करें जरूरी टिप्स

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट




सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए- सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई, सनग्लासेस।

### .ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन



कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।

### ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं।